CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 | अंक - 179 | राजनांदगांव, सोमवार 18 मई 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## पीएम नरेन्द्र मोदी 8 साल बाद स्वीडन दौरे पर: स्वीडिश प्रधानमंत्री रिसीव करने पहुंचे, रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार से नवाजे गए

एम्सटर्डम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 साल बाद स्वीडन पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने 2018 में स्वीडन का दौरा किया था। पीएम मोदी का विमान जैसे ही स्वीडन की सीमा में पहुंचा, स्वीडिश फाइटर जेट्स ने उसे सुरक्षा देते हुए एस्कॉर्ट किया। इसका वीडियो भी सामने आया है। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन पीएम मोदी को रिसीव करने गोथेनबर्ग एयरपोर्ट पर पहुंचे। होटल पहुंचने पर मोदी की बंगाली तरीके से आरती उतारी गई। स्वीडन दौरे के दौरान पीएम मोदी भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात कर सकते हैं। यह दौरा भारत और स्वीडन के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। इस दौरान व्यापार, तकनीक, रक्षा और ग्रीन एनर्जी जैसे कई मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। स्वीडन ने पीएम मोदी को अपने अत्यंत प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक सम्मान रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार से सम्मानित किया। स्वीडन की राजकुमारी विक्टोरिया ने पीएम मोदी को यह सम्मान सौंपा।

### नीदरलैंड से 1000 साल पुराने तमिल दस्तावेज भारत आएंगे

इससे पहले मोदी की नीदरलैंड यात्रा के दौरान 11वीं सदी की ऐतिहासिक चोल ताम्र पट्टिकाओं को भारत लाने



बंगाली तरीके से उतारी गई आरती, फाइटर जेट्स ने एस्कॉर्ट किया

पर समझौता हुआ। ये करीब 1000 साल पुराने तमिल दस्तावेज हैं, जिनमें चोल साम्राज्य से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारी है। समझौते के तहत 11वीं सदी की चोल ताम्र पट्टिकाएं जल्द भारत लाई जाएंगी। यह 21 बड़ी और 3 छोटी तांबे की प्लेटों का संग्रह है। इनमें ज्यादातर लेख तमिल भाषा में लिखे गए हैं। मोदी ने कहा कि इन पट्टिकाओं में राजा राजेंद्र चोल प्रथम और उनके पिता राजा राजराजा चोल प्रथम से जुड़ी जानकारी दर्ज है। ताम्र पट्टिकाएं तांबे की बनी प्लेटें होती हैं, जिन पर पुराने समय में अहम बातें लिखी जाती थीं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, 19वीं सदी में जब यूरोपीय देश भारत और एशिया के दूसरे हिस्सों में व्यापार और रिसर्च कर रहे थे, उसी दौरान ये दस्तावेज विदेश ले जाई गईं थीं।

### टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और ASML के बीच भी समझौता

द हेग में आयोजित एक कार्यक्रम में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और डच कंपनी ASML के बीच भी समझौता हुआ। यह करार सेमीकंडक्टर और चिप तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए है। ASML दुनिया की प्रमुख चिप मशीन बनाने वाली कंपनियों में शामिल है, जबकि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश बढ़ा रही है।

### नीदरलैंड के राजा-रानी से मिले पीएम मोदी

मोदी ने शनिवार को नीदरलैंड के हेग शहर में वहां के राजा विलेम-अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा से मुलाकात की। बैठक के दौरान भारत और नीदरलैंड के रिश्तों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। दोनों ने शिक्षा, तकनीक, सेमीकंडक्टर, डिजिटल तकनीक, वाटर मैनेजमेंट और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में साथ मिलकर काम बढ़ाने की बात कही। नीदरलैंड के राजा और रानी ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 3 दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, सीएम विष्णुदेव साय ने किया स्वागत

रायपुर (दावा)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर रविवार देर शाम राजधानी रायपुर पहुंचे। रायपुर पहुंचने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उनका आत्मीय स्वागत किया। वे आज रायपुर में रात्रि विश्राम करेंगे, जिसके बाद सोमवार सुबह बस्तर के लिए रवाना होंगे। अपने दौरे के दौरान गृहमंत्री रायपुर और जगदलपुर में आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे।



### मुख्यमंत्री साय ने एक्स पर किया पोस्ट

गृहमंत्री अमित शाह के रायपुर पहुंचने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने लिखा कि प्रभु श्रीराम के ननिहाल एवं माता कौशल्या की पावन धरा छत्तीसगढ़ में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन। केंद्र सरकार के सतत सहयोग से छत्तीसगढ़ निरंतर शांति, सुशासन और विकास के उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर है। गृहमंत्री के दृढ़संकल्प, मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार के समर्पित प्रयासों से बस्तर आज नक्सलमुक्त होकर प्रगति की नई उड़ान भर रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपका यह प्रवास प्रदेश के विकास कार्यों को नई गति प्रदान करेगा तथा सुरक्षित और समृद्ध बस्तर के हमारे संकल्प को और अधिक सशक्त बनाएगा। छत्तीसगढ़ की समस्त जनता की ओर से आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन।

### अमित शाह कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल

तय कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रायपुर एयरपोर्ट से सीधे नवा रायपुर स्थित होटल पहुंचे, जहां उन्होंने रात्रि विश्राम करेंगे। उसके बाद 18 मई की सुबह 10.30 बजे गृहमंत्री अमित शाह राजधानी के पुलिस परेड ग्राउंड में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सरकारी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में छापा, 100 से ज्यादा संदिग्ध आधार कार्ड बरामद

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के साल्टलेक इलाके में विधाननगर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तृणमूल कांग्रेस के कार्यालय पर छापेमारी की है। इस छापेमारी के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में संदिग्ध दस्तावेज और 100 से अधिक आधार कार्ड मिले हैं, जिन्हें तुरंत जब्त कर लिया गया है।



पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। जांच टीम को शुरुआती तौर पर सरकारी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री से जुड़े एक बड़े नेटवर्क के सक्रिय होने का शक है, जिसके तार इस दफ्तर से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है।

### टीएमसी दफ्तर पर पुलिस की छापेमारी

साल्ट लेक इलाके में विधाननगर नगर निगम के वार्ड नंबर 36 के अंतर्गत आने वाली बसंती देवी कॉलोनी में टीएमसी का यह कार्यालय मौजूद है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इस दफ्तर से कुछ संदिग्ध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

सूचना के आधार पर विधाननगर दक्षिण पुलिस थाने की टीम ने रविवार को अचानक दफ्तर पर छापा मार दिया। पुलिस की इस अचानक हुई एंट्री से वहां मौजूद लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला। पुलिस ने पूरे दफ्तर को अपने घेरे में लेकर गहन तलाशी अभियान शुरू किया।

### सरकारी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री का खुलासा

तलाशी के दौरान पुलिस को दफ्तर के अंदर से कई ऐसी फाइलें और दस्तावेज मिले हैं, जिनका संबंध सरकारी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री से है। बताया जा रहा है कि इन दस्तावेजों के जरिए सरकारी जमीनों को गलत तरीके से बेचने और खरीदने का एक बड़ा खेल खेला जा रहा था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## केरलम में आज सीएम पद की शपथ लेंगे वीडी सतीशन, कांग्रेस के 12, मुस्लिम लीग के 5 विधायक भी बनेंगे मंत्री, सुबह 10 बजे होगा शपथ ग्रहण

तिरुवनंतपुरम। केरलम में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के दो हफ्ते बाद यूडीएफ की सरकार का गठन होने जा रहा है. केरलम में सोमवार को नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा. इस सरकार में कांग्रेस के वीडी सतीशन मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. उनकी सरकार में उन्हें मिलाकर 21 मंत्री होंगे. सतीशन ने रविवार को लोक भवन पहुंचकर गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को कैबिनेट की लिस्ट सौंपी. वीडी सतीशन की सरकार में रमेश चेन्निथला भी कैबिनेट मंत्री बनेंगे. चेन्निथला भी मुख्यमंत्री पद की रेस में थे. हालांकि, हाईकमान ने सतीशन को चुना. कांग्रेस ने 14 मई को सतीशन को विधायक दल का नेता चुना था. केरलम के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की अगुवाई वाले DF ने 140 में से 102 सीटें जीती थीं. लेकिन 10 दिन तक मुख्यमंत्री को लेकर फैसला नहीं कर पाई थी. मुख्यमंत्री की रेस में सतीशन के अलावा केसी वेणुगोपाल और चेन्निथला भी थे.

### तीन दिन में फाइनल हुई मंत्रियों की लिस्ट

बताया जा रहा है कि केरलम की नई सरकार में कौन-कौन मंत्री बनेगा? इसे लेकर तीन दिन तक चर्चा चली.




मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा शुक्रवार को शुरू हुई और कांग्रेस नेताओं और गठबंधन सहयोगियों के बीच कई दौर की बैठकों के बाद रविवार शाम को लिस्ट फाइनल हुई.

### सतीशन सरकार में कौन-कौन होगा?

लिस्ट फाइनल होने के बाद सतीशन ने कहा कि गठबंधन के नेताओं के साथ चर्चा के बाद मंत्रियों की सूची को फाइनल किया गया है और इस दौरान गठबंधन के भीतर सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखा गया है. सतीशन ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं रमेश चेन्निथला, के मुरलीधरन और सनी जोसेफ को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा. नई सरकार में थिरुवनचूर राधाकृष्णन विधानसभा स्पीकर और शनिमोल उस्मान डिप्टी स्पीकर होंगे. सतीशन ने कहा कि कांग्रेस को 63 सीटें मिलने के बावजूद कई योग्य नेताओं को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल सकी. उन्होंने कहा, लिस्ट में शामिल और लिस्ट से बाहर भी कई योग्य नेता हैं. लेकिन कांग्रेस जैसी पार्टी को ऐसे फैसले लेते समय सामाजिक संतुलन, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और कई अन्य कारकों पर विचार करना होता है.

### मुस्लिम लीग के 5 विधायक बनेंगे मंत्री

केरलम की नई सरकार में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के 5 विधायकों को मंत्री बनाया जाएगा. केरलम में मुस्लिम लीग, कांग्रेस की अहम सहयोगी है, जिसके पास 22 विधायक हैं. नई सरकार में IUML के पीके कुन्हालीकुट्टी, एन शम्सुद्दीन, के एम शाजी, पी के बशीर और वीई अब्दुल गफूर को मंत्री बनाया जाएगा. सोमवार को सुबह 10 बजे तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह होगा. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रूस पर यूक्रेन का बड़ा ड्रोन हमला: मॉस्को के पास भारतीय श्रमिक समेत चार लोगों की मौत

कीव। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच रविवार को यूक्रेन ने रूस पर बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया। इस हमले में मॉस्को के आसपास कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। इसे युद्ध शुरू होने के बाद रूस पर किए गए सबसे बड़े ड्रोन हमलों में से एक माना जा रहा है। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, मॉस्को के उत्तर-पश्चिम में स्थित खिमकी शहर में एक ड्रोन रिहायशी मकान से टकरा गया, जिससे एक महिला की मौत हो गई। वहीं राजधानी से करीब 10 किलोमीटर दूर पोगोरेलकी गांव में दो लोगों की जान चली गई।



कई इमारतें क्षतिग्रस्त

### मॉस्को के पास कई इमारतें और ढांचे प्रभावित

स्थानीय प्रशासन के अनुसार, हमले में कई बहुमंजिला इमारतों और अहम ढांचों को नुकसान पहुंचा है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने बताया कि शहर के ऑयल रिफाइनरी इलाके के पास हुए हमले में कम से कम 12 लोग घायल हुए हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि रिफाइनरी की मुख्य तकनीकी व्यवस्था को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

### रूस का दावा- 1000 से ज्यादा ड्रोन मार गिराए

रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी एयर डिफेंस प्रणाली ने रातभर में 556 ड्रोन नष्ट कर दिए। वहीं पिछले 24 घंटों में 1000 से अधिक ड्रोन को मार गिराने या जाम करने का दावा भी किया गया है। समाचार एजेंसी TASS के अनुसार, मॉस्को की ओर बढ़ रहे 81 ड्रोन को भी रूसी सुरक्षा बलों ने रास्ते में ही रोक दिया। रूस के सबसे बड़े एयरपोर्ट शेरमेत्येवो ने बताया कि ड्रोन का मलबा एयरपोर्ट परिसर में गिरा, लेकिन इससे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम बनते ही हिमंता बिस्वा सरमा का बड़ा एक्शन, असम में 1250 वर्ग किलोमीटर जमीन कब्जामुक्त कराने का ऐलान

गुवाहाटी। सीएम बनने के बाद से ही हिमंता बिस्वा सरमा एक्शन मोड में हैं। असम में जमीन कब्जा हटाने को लेकर मुख्यमंत्री ने बड़ा ऐलान किया है। लगातार दूसरी बार सरमा राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं। सरमा ने कहा कि राज्य की एनडीए सरकार 1250 वर्ग किलोमीटर से ज्यादा कब्जाई गई जमीन को वापस लेने के मिशन पर काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि इस दिशा में प्रशासन ने जमीनी स्तर पर कार्रवाई भी शुरू कर दी है। सीएम सरमा ने सोशल मीडिया सीटर एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि एनडीए 3.0 असम की कब्जाई गई 1250 वर्ग किलोमीटर से ज्यादा जमीन को वापस लेने के लिए प्रतिबद्ध है और इस वादे को पूरा करने के लिए हमारी टीम मैदान में उतर चुकी है। इसके साथ उन्होंने एक दिन पहले चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान की कुछ तस्वीरें भी शेयर की। दरअसल, पिछले कुछ समय से असम सरकार अलग-अलग जिलों में सरकारी और वन भूमि पर कथित अवैध कब्जों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। कई जगहों पर प्रशासन बुलडोजर कार्रवाई भी कर चुका है। सरकार का (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## ईरान वार्ता में अमेरिका की 5 बड़ी शर्तें, परमाणु कार्यक्रम पर बढ़ा तनाव; यूरेनियम सौंपने की भी मांग

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत में अब नई शर्तों को लेकर तनाव बढ़ गया है। ईरानी समाचार एजेंसी फार्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने वार्ता के दौरान ईरान के सामने पांच बड़ी शर्तें रखी हैं।



रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका ने पहले लगाए गए प्रतिबंधों और नीतियों से हुए नुकसान के लिए ईरान को किसी तरह का मुआवजा देने से साफ इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने ईरान से 400 किलोग्राम संवर्धित यूरेनियम अपने हवाले करने की मांग भी की है। इसके अलावा अमेरिका चाहता है कि ईरान की केवल एक परमाणु सुविधा ही चालू रहे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अमेरिका ने ईरान की विदेशों में जमी संपत्ति का 25 प्रतिशत हिस्सा भी जारी करने से इनकार कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने विभिन्न मोर्चों पर जारी संघर्ष खत्म करने को भी बातचीत की प्रगति से जोड़ दिया है। साथ ही कहा गया है कि ईरान इन शर्तों को मान भी ले, तब भी अमेरिकी और इजरायली सैन्य कार्रवाई का खतरा पूरी तरह खत्म नहीं होगा। दूसरी ओर, ईरानी मीडिया ने दावा किया कि अमेरिका ने युद्ध खत्म करने के लिए ईरान के प्रस्ताव पर कोई ठोस रियायत नहीं दी। ईरानी समाचार एजेंसी मेहर के अनुसार, अमेरिका युद्ध के दौरान जो हासिल नहीं कर सका, उसे बातचीत के जरिए हासिल करना चाहता है। ईरान ने भी बातचीत के लिए पांच विश्वास बहाली शर्तें रखी हैं। इनमें सभी मोर्चों पर संघर्ष खत्म करना, खासकर लेबनान में, ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना और विदेशों में जमे ईरानी फंड जारी करना शामिल है। ईरान ने युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई और होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपनी संप्रभुता को मान्यता देने की भी मांग की है। यह जलमार्ग दुनिया में तेल आपूर्ति के लिए बेहद अहम माना जाता है। ईरानी सेना के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अबू धाबी के बराकाह न्यूक्लियर पावर प्लांट पर ड्रोन हमला, आग लगने से मचा हड़कंप

अबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी स्थित बाराकाह न्यूक्लियर पावर प्लांट में ड्रोन हमले के बाद आग लगने की खबर है। जानकारी के मुताबिक बाराकाह न्यूक्लियर पावर प्लांट के बाहरी हिस्से में ड्रोन स्ट्राइक के बाद आग लग गई।



### आग पर काबू पाया गया

अबू धाबी मीडिया कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक ड्रोन स्ट्राइक के कारण इस न्यूक्लियर पावर प्लांट की आंतरिक सुरक्षा परिधि के बाहर स्थित एक इलेक्ट्रिकल जनरेटर में आग भड़क उठी। अधिकारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यूएई की फेडरल अथॉरिटी फॉर न्यूक्लियर रेगुलेशन ने पुष्टि की है कि प्लांट के ज़रूरी सिस्टम सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। रेडियोलॉजिकल सुरक्षा स्तरों पर कोई असर नहीं पड़ा है। अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है और ड्रोन हमले के स्रोत का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। यह घटना ऐसे समय हुई है जब पश्चिम एशिया में सुरक्षा हालात को लेकर चिंताएं लगातार बढ़ रही हैं। यूएई प्रशासन ने कहा है कि ऊर्जा और परमाणु प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को और मजबूत किया जा रहा है। अभी तक ड्रोन हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है और UAE की ओर से जारी बयान में भी हमले के लिए किसी भी पक्ष को दोषी नहीं ठहराया गया। वियना स्थित संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था इंटरनेशनल एटॉमिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भूपेश बोले - जनता से अपील कर पीएम विदेश यात्रा पर निकले: सरकार खुद नियमों की धज्जियां उड़ा रही

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पेट्रोल-डीजल बचाने को लेकर पीएम मोदी की अपील पर निशाना साधा है। भूपेश बघेल ने कहा कि, भाजपा का काम ही पर उपदेश कुशल बहुतेरे वाला है। पीएम जनता से पेट्रोल बचाने की बात करते हैं और खुद विदेश यात्राओं पर निकल जाते हैं।



जनता को पालन करने की दे रही नसीहत

भूपेश ने कहा कि सरकार खुद नियमों की धज्जियां उड़ा रही है और जनता को पालन करने की नसीहत दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशों से आने वाला क्रूड ऑयल दूसरे देशों को भेजा जा रहा है, जबकि देश में पेट्रोल-डीजल की किल्लत के हालात बन रहे हैं। इधर, छत्तीसगढ़ सरकार ने सरकारी खर्चों में कटौती करने का फैसला लिया है। वित्त विभाग ने आदेश जारी कर सभी विभागों को सिर्फ जरूरी कामों पर खर्च करने और फिजूलखर्ची रोकने के निर्देश दिए हैं। सरकार के नए आदेश के मुताबिक मुख्यमंत्री, मंत्रियों और निगम-मंडल के अधिकारियों के काफिले में गाड़ियों की संख्या कम की जाएगी। ई-ऑफिस सिस्टम को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकारी खर्च पर विदेश यात्रा करने वाले अधिकारियों को अब मुख्यमंत्री से अनुमति लेनी होगी और सिर्फ जरूरी होने पर ही विदेश दौरे मंजूर होंगे। इसके साथ ही दफ्तरों में वाहन पूलिंग सिस्टम लागू किया जाएगा। यानी एक ही दिशा में जाने वाले अधिकारी अलग-अलग गाड़ियों के बजाय एक वाहन का इस्तेमाल करेंगे। सरकार का दावा है कि इससे पेट्रोल-डीजल की बचत होगी, ट्रैफिक कम होगा और सरकारी खर्च में कटौती होगी। ये निर्देश 30 सितंबर 2026 तक लागू रहेंगे और सभी विभागों के लिए इनका पालन अनिवार्य होगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रजनीकांत बोले-विजय मुझसे 25 साल जूनियर, मैं उनसे नहीं जलता: अगर 2021 में चुनाव लड़ता तो जीत जाता

चेन्नई। तमिल सुपरस्टार रजनीकांत ने रविवार को कहा कि चुनाव नतीजों के बाद स्टालिन से उनकी मुलाकात राजनीतिक नहीं, बल्कि दोस्ती की वजह से थी। उन्होंने विजय से जलने की बातों को भी खारिज किया। रजनीकांत ने कहा, यह सही है कि मैं चुनाव नतीजों के बाद पूर्व सीएम स्टालिन से मिला था, लेकिन मैं राजनीति के लिए किसी भी स्तर तक गिरने वाला व्यक्ति नहीं हूं। स्टालिन पिछले 30 साल से मेरे दोस्त हैं। हमारी दोस्ती राजनीति से परे है।



स्टालिन पुराने दोस्त, उनसे मुलाकात राजनीतिक नहीं

विजय को लेकर चल रही चर्चाओं पर रजनीकांत ने कहा, कुछ लोग कह रहे हैं कि मैं विजय से जलता हूं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। वह मुझसे 25 साल जूनियर हैं। रजनीकांत ने यह भी कहा कि अगर उन्होंने 2021 का तमिलनाडु विधानसभा चुनाव लड़ा होता, तो वे जीत जाते। दरअसल, 4 मई को तमिलनाडु चुनाव नतीजों के बाद रजनीकांत ने डीएमके नेता स्टालिन के घर जाकर उनसे मुलाकात की थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने आरोप लगाए थे कि वे नहीं चाहते कि अभिनेता विजय मुख्यमंत्री बनें।

### रजनीकांत ने कहा- जनता ने DMK-AIADMK को 60 साल दिए

मीडिया को संबोधित करते हुए रजनीकांत ने कहा कि हमने DMK और AIADMK के 60 साल देखे हैं। शायद एक बदलाव की जरूरत थी। मैं विजय के खिलाफ नहीं हूं। राजनीति बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। हमें उन्हें कम से कम दो साल का समय देना चाहिए। अभिनेता और नेता कमल हासन ने शनिवार को मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय से मुलाकात की। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

## पहला कॉलम...

### ज्ञानेश्वरी यादव ने अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग में जीते पांच मेडल



नीले ट्रैकशूट में हाथ में मेडल को पकड़े हुई ज्ञानेश्वरी यादव

राजनांदगांव (दावा)। जिला पुलिस राजनांदगांव में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक ज्ञानेश्वरी यादव ने अंतरराष्ट्रीय और एशियाई स्तर की वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर भारत, छत्तीसगढ़ और राजनांदगांव जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पुलिस-प्रशासन सहित पूरे जिले में खुशी का माहौल है। 27 अप्रैल को एपिया, समोआ में आयोजित युनिवर्सल वेटलिफ्टिंग कप में ज्ञानेश्वरी यादव ने 5 दमदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में 12 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। ज्ञानेश्वरी ने स्नैच में 87 किलोग्राम, क्लीन एंड जर्क में 107 - किलोग्राम तथा कुल 194 किलोग्राम वजन उठाकर नया रिकार्ड बनाया और तीनों स्पर्धाओं में गोल्ड मेडल हासिल किया। इसके साथ ही 12 से 18 मई तक गांधीनगर, गुजरात में खेली जा रही सीनियर एशियन चैंपियनशिप में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। प्रतियोगिता में उन्होंने स्नैच वर्ग में 88 किलोग्राम वजन उठाकर सिल्वर मेडल तथा कुल 194 किलोग्राम के साथ ब्रांज मेडल जीता। ज्ञानेश्वरी यादव की इस उपलब्धि को जिला पुलिस राजनांदगांव और छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए गौरवपूर्ण बताया जा रहा है। उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण युवा खिलाड़ीयों के लिए प्रेरणा बनकर उभरा है। जिला पुलिस परिवार ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### सोमनी बिजली उपकेन्द्र शराब पार्टी मामला : आउटसोर्सिंग ठेका कर्मचारी धनेश को कार्य से हटाने के निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। सहायक अभियंता (उप संभाग) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी लिमिटेड राजेश कुमार साहू ने सोमनी उपकेन्द्र में कर्तव्य अवधि में आउटसोर्सिंग ठेका कर्मचारी धनेश देशमुख द्वारा शराब पार्टी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर आउटसोर्सिंग ठेका कर्मचारी को कार्य से हटाने तथा उसके स्थान पर योग्य एवं सक्षम ठेका कर्मचारी नियुक्त करने के निर्देश दिए है। प्राप्त जानकारी अनुसार सोमनी उपकेन्द्र में आऊसोर्सिंग ठेका कर्मचारी प्रदाय करने हेतु मेसर्स वीणा इंटरप्राइजेस प्रोपराईटर सुरेन्द्र रामटेके ए-क्लास विद्युत ठेकेदार राजनांदगांव को कार्य प्रदान किया गया है। इसके तहत विद्युत ठेकेदार द्वारा धनेश देशमुख की आउटसोर्सिंग ठेका कर्मचारी में नियुक्ति की गई है। धनेश देशमुख द्वारा 16 मई को रात्रि में सोमनी उपकेन्द्र में कर्तव्य अवधि के दौरान शराब पार्टी करने एवं इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। यह कृत्य गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिससे कंपनी की छवि धूमिल हुई है।

### सोमनी बिजली उपकेन्द्र में शराब पार्टी का वीडियो वायरल, लाइन सहायक ललेश्वर दास को शो-कॉज नोटिस जारी

राजनांदगांव (दावा)। कार्यपालन अभियंता संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी लिमिटेड कौशलेन्द्र पाण्डे ने सोमनी उपकेन्द्र में कर्तव्य अवधि में शराब पार्टी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के संबंध में उप संभाग सोमनी में पदस्थ लाईन सहायक श्रेणी-दो ललेश्वर दास साहू को कारण बताओ सूचना जारी किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार सोमनी उपकेन्द्र में 16 मई 2026 को रात्रि में कर्तव्य अवधि के दौरान लाईन सहायक श्रेणी-दो ललेश्वर दास साहू एवं आउटसोर्सिंग ठेका कर्मचारी धनेश देशमुख शराब पार्टी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। यह कृत्य गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिससे कंपनी की छवि धूमिल हुई है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा का उल्लंघन है। नियम के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए एक वार्षिक वेतन वृद्धि या गतिरोध भत्ता असंचयी प्रभाव से अवरूद्ध करने प्रस्तावित किया गया है। इस संबंध में लाईन सहायक श्रेणी-दो ललेश्वर दास साहू को 15 दिवस के भीतर उचित माध्यम से कार्यालय में बचाव कथन व प्रतिउत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है।

### पवन योगी का निधन



डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)। बेलगांव निवासी पवन योगी का आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार परिजनों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्र, पत्नी सहित भरपूरा परिवार छोड़ गए।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
17th May to 21st May 2026



Pati Patni Aur Woh Do - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Mayaru Bhauji 2 (CG) - 12:00, 03:00, 06:15 and 09:15 pm
Krishnavataram Part 1 The Heart - 06:00 and 09:00 pm
Bhoot Bangla - 12:15 and 03:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
भीड़भरा शानदार तीसरा दिन रोजाना 4 खेल



मायरू भौजी2
छत्तीसगढ़ी में
मोहन सुंदरानी प्रस्तुत
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# महावीर चौक में कांग्रेसजनों का आक्रामक प्रदर्शन, आम लोगों से संवाद कर गिनाई महंगाई की मार



**बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल, पेट्रोल-डीजल कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना**

राजनांदगांव (दावा)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने रविवार शाम महावीर चौक स्थित पेट्रोल पंप के सामने बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि, ईंधन संकट और गैस सिलिंडर की किल्लत को लेकर आक्रामक विरोध-प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में कांग्रेसजनों ने केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

हाथों में बैनर, तख्तियां और स्लोगन लेकर पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महावीर चौक स्थित पेट्रोल पंप के सामने बढ़ती महंगाई को लेकर हल्ला बोला और जमकर नारेबाजी की। कांग्रेसजनों ने कहा कि देशभर में पेट्रोल-डीजल की किल्लत से लोग परेशान हैं। कई शहरों में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग रही हैं और भीषण गर्मी में आम लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं घरेलू गैस सिलिंडर की आपूर्ति प्रभावित होने से महिलाओं और परिवारों की परेशानी और बढ़ गई है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक और प्रबंधन नीतियों के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र की भाजपा सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि एक ओर पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, दूसरी ओर अब देशभर में ईंधन की किल्लत जैसी स्थिति बन गई है। लोग तपती गर्मी में पेट्रोल पंपों के बाहर लाइन लगाने मजबूर हैं, लेकिन केंद्र सरकार को आम जनता की परेशानी से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि गैस सिलिंडर की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति संकट ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। महंगाई ने गरीब, मध्यमवर्गीय परिवार, किसान, मजदूर, व्यापारी और युवाओं की कमर तोड़ दी है। केंद्र सरकार टैक्स के जरिए लगातार जनता की जेब पर बोझ डाल रही है, जबकि राहत देने के नाम पर सिर्फ बयानबाजी की जा रही है।

जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर सड़क पर उतर रही है और जब तक महंगाई, ईंधन संकट और गैस किल्लत पर नियंत्रण नहीं होगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल पंप पहुंचे वाहन चालकों और आम नागरिकों से संवाद कर बढ़ती महंगाई और ईंधन संकट से हो रही परेशानियों पर चर्चा की तथा केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। इस दौरान डॉ.आफताब आलम, प्रवीण मेश्राम, मेहुल मारू, श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश राठौड़, भागवत साहू, कमलजीत सिंग पिंटू, राकेश जोशी, इकरामुद्दीन सोलंकी, पंकज बांधव, चेतन भानुशाली, लक्ष्मण साहू, माया शर्मा, अमर झा, पप्पू धकेता, अमीन हुड्डा, सतीश मसीह, राजा तिवारी, अशोक फडणवीस, हेमंत ओस्तवाल, प्रेम रूचंदानी, अशोक पंजवानी, सूर्यकांत जैन, मनीष गौतम, वीरेन्द्र चंद्राकर, मनीष साहू, ललित मरकाम, प्रदीप राठौड़, राकेश चंद्राकर, झम्मन देवांगन, मामराज अग्रवाल, ललित कुमरे, शरद खंडेलवाल, आशीष साहू, तन्मय कोटड़िया, दुर्गा देवांगन, फरहा खान, खैरून निशा, लीना पटेल, मोहन साहू, पिंकू खान, केशव पटेल, चेतन सिंह, डॉ राकेश कुमार, राजा यादव, धन्नू सेन, वसीम बडगूजर, संतोष शर्मा, सतीश सोनपिपरे, गोलू महानंद, राहुल चौबे, नितिन मेश्राम, शिवम गडपायले, गोलू नायक, सोनू साहू, सौम्य शर्मा, हिमालय बांधे, जुगल ताम्रकार, कुंजलाल साहू, निलेश ठावरे, हिमांशु बंजारे, शेषनाथ, राहुल बांदे, निश्चय बुरादे सहित अन्य उपस्थित थे।

## चारभाठा-चिरचारी के पास भीषण सड़क हादसा : कार का टायर फटने से पलटी गाड़ियां, बाल-बाल बचे दोनों चालक

**जी.ई. रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर पलटी कार और भारी मालवाहक ट्रक, डायल 112 की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बहाल कराया नेशनल हाईवे का यातायात**





राजनांदगांव/चिरचारी (दावा)। जी.ई. रोड पर चिरचारी स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप एक अत्यंत दर्दनाक और भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जहां एक तेज रफ्तार कार और भारी मालवाहक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गए। यह दुर्घटना कार का टायर अचानक फटने के कारण घटित हुई। गनीमत यह रही कि इस भीषण टक्कर और दोनों वाहनों के पलटने के बावजूद सुरक्षा उपायों के चलते दोनों वाहनों के चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई है और वे बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला और बाधित यातायात को बहाल कराया।

### कैसे हुआ यह भीषण हादसा?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक भूरे रंग की रेनॉल्ट डस्टर कार (क्रमांक एमएच-31/एफआर 7943) रायपुर की ओर से नागपुर की तरफ जा रही थी। जैसे ही कार चिरचारी के पास पहुंची, अचानक उसका एक टायर जोरदार आवाज के साथ फट गया। टायर फटने के कारण कार चालक वाहन पर से अपना नियंत्रण पूरी तरह खो बैठा। अनियंत्रित हुई कार सड़क पर कई बार पलटते हुए डिवाइडर पार कर सड़क के दूसरी ओर जा पहुंची। इसी दौरान सामने की दिशा से आ रहे एक भारी मालवाहक ट्रक (महिंद्रा ब्लैज़ो क्रमांक एमएच-40/सीएम2300) के चालक ने बेहद सूझबूझ का परिचय दिया। सामने अचानक आई कार को बचाने के प्रयास में ट्रक चालक ने तेजी से स्टेयरिंग घुमा दी। इस आपातकालीन प्रयास में ट्रक भी अनियंत्रित हो गया और सड़क से नीचे उतरकर पास के खेत के पास जाकर पलट गया।

### वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त, सुरक्षित रहे चालक

दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि रेनॉल्ट डस्टर कार का पिछला हिस्सा पूरी तरह से पिचक गया है और उसके सारे कांच टूटकर बिखर गए। वहीं, दूसरी ओर भारी-भरकम ट्रक भी पूरी तरह एक तरफ झुककर सड़क किनारे पलट गया। हालांकि आधुनिक सुरक्षा उपकरणों (एयरबैग) और ट्रक चालक की त्वरित सूझबूझ के कारण किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। दोनों ही चालक पूरी तरह सुरक्षित बताए जा रहे हैं, जिन्हें मामूली प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

### पुलिस मुस्तैदी से टला लंबा जाम, यातायात हुआ बहाल

घटना की जानकारी मिलते ही 'डायल 112' की रेस्क्यू टीम तत्काल दुर्घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस कर्मियों ने स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से बीच सड़क पर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी कार को किनारे करवाया, ताकि नेशनल हाईवे पर लंबा जाम न लग सके। पुलिस प्रशासन द्वारा सड़क पर बिखरे कांच और मलबे को पूरी तरह साफ करा दिया गया है। वर्तमान में हाईवे पर आवागमन सामान्य रूप से जारी है और पुलिस ने मामले की औपचारिकताएं शुरू कर दी हैं।

## वरिष्ठ आयकर अधिवक्ता धर्मनिष्ठ निर्मल शर्मा का निधन



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी शहर के रामधीन मार्ग स्थित श्रीश्यामकुटी के श्रीदासीश्याम मंडल व श्री श्यामकुटी परिवार के अग्रणी, सर्वमान्य संत स्वरूप श्री निर्मल शर्मा का श्रीदासीश्याम धाम गमन (निधन) हो गया है। वे शहर के अत्यंत वरिष्ठ व प्रतिष्ठित आयकर तथा जीएसटी कर अधिवक्ता थे। उनके निधन की खबर से पूरे टैक्स बार एसोसिएशन, व्यावसायिक जगत और धर्मप्रेमी जनता में शोक की लहर दौड़ गई है। स्व. निर्मल शर्मा का स्वभाव उनके नाम के अनुरूप ही बेहद शांत, सरल और निर्मल मन का था। उन्होंने अपना पूरा जीवन अपने आराध्य श्रीदासीश्याम प्रभु और अपनी प्यारी श्रीसद्गुरू मां के चरणों में समर्पित कर दिया था। श्री खाटू वाले श्याम प्रभु के प्रति अगाध श्रद्धा रखने वाले श्री शर्मा न केवल भजनों का गायन करते थे, बल्कि वे एक उच्च कोटि के भजन लेखक भी थे।

### सैकड़ों गुरुवंदना और श्याम भजनों की की रचना

अपने जीवनकाल में उन्होंने सादगी और सत्संग का मार्ग चुनते हुए सैकड़ों की संख्या में भावपूर्ण गुरुभजन, गुरुवंदना और श्याम भजनों की रचना की। पूरा श्रीश्याम परिवार उन्हें अपना आदर्श और अग्रज (बड़ा भाई) मानता था। श्रीश्यामखुटी परिवार के सदस्यों ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि निर्मल भैया अपनी प्यारी गुरुमां की गोद में और उनकी सेवा में उनके परम धाम चले गए हैं। उनकी अंतिम मुक्तिधाम यात्रा में शहर के तमाम गणमान्य नागरिक, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्यगण, अधिवक्ता, व्यवसायी और भारी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक उपस्थित थे। सभी ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। स्व.निर्मल शर्मा अपने पीछे दो अनुज विमल शर्मा व विनोद शर्मा, दो सुपुत्र कृष्णा (मयंक शर्मा) व पीयूष शर्मा सहित भतीजे रवि, रोहित, शैलेष शर्मा तथा पोते-पोतियों का एक भरापूरा संस्कारी परिवार छोड़ गए हैं।

## आज से सनसिटी क्रिकेट प्रीमियर लीग : स्व. श्रीमती अनुराधा गुप्ता की स्मृति में होगा क्रिकेट का रोमांच





**तीन दिवसीय भव्य टूर्नामेंट में भिड़ेंगी छह टीमें, सनसिटी परिवार के ग्रीष्मकालीन आयोजनों की श्रृंखला में नया अध्याय**

राजनांदगांव (दावा)। सनसिटी परिवार में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान लगातार मनोरंजक एवं प्रतिभा-विकास कार्यक्रमों की शानदार श्रृंखला जारी है। सनसिटी के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा के मार्गदर्शन में बच्चों एवं युवाओं के लिए योग शिविर, डांस क्लास, ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, मातृ दिवस समारोह तथा 14 मई से प्रारंभ हुआ फुटबॉल टूर्नामेंट अत्यंत सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

इसी उत्साह एवं ऊर्जा को आगे बढ़ाते हुए अब 18 मई से सनसिटी में भव्य 'सनसिटी क्रिकेट प्रीमियर लीग' छोटा गोला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष आयोजन स्व. श्रीमती अनुराधा गुप्ता की पुण्य स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। जिसके प्रायोजक उनके सुपुत्र प्रज्वल गुप्ता (अग्रसेन शुगर) हैं। सनसिटी के कार्यक्रम प्रभारी महिलाओं को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमें एवं पदाधिकारी फोन वाले ओनर में संजय गुप्ता कप्तान आयुष गुप्ता, पंजाब किंग्स ओनर- गुरभेज सिंह, कप्तान- अमितोज सिंह, अग्रसेन ट्रेडर्स ओनर - अनूप अग्रवाल कप्तान- सम्राट माहेश्वरी, एसएसडी फिल्टर ओनर - मोहन हिंदुजा, कप्तान- तनय संचेती, केक वर्ल्ड ओनर- शुभम जंघेल, कप्तान- शुभम भंसाली, राधेश्याम अर्थो केयर ओनर एवं कप्तान- डॉ. योगेश सोनी, टूर्नामेंट संयोजक- कान्हा शर्मा, हर्ष भोजनी, अनमोल सिंह एवं तनय संचेती एवं सहयोगी सदस्य- अमितोज सिंह, सम्राट माहेश्वरी एवं लक्ष्य मीठिया इस भव्य आयोजन को सफल बनाने हेतु अतुल चोपड़ा, दिलीप गोलछा, सुशील माहेश्वरी, राजेश डागा, विशाल शर्मा, दीपक पटेल, लालू सांखला एवं परेश पटेल सहित समस्त कार्यकारिणी टीम दिन-रात मेहनत कर रही है। निश्चित रूप से यह तीन दिवसीय छोटा गोला क्रिकेट टूर्नामेंट सनसिटी परिवार के लिए एक यादगार, रोमांचक एवं शानदार आयोजन सिद्ध होगा। उक्त जानकारी सनसिटी के पीआरओ मनीष साहिता एवं कुणाल शर्मा ने दी।

## अब शहर सहित जिले में पेट्रोल-डीजल के लिए नहीं रही मारामारी, अफवाहों के बाद पंपों में 5 दिनों का स्टॉक सुरक्षित



**कलेक्टर ने ली तीनों पेट्रोलियम कंपनियों व खाद्य अधिकारियों की बैठक; पैनिक न होने की अपील, शिकायत के लिए टोल-फ्री नंबर जारी**

राजनांदगांव (दावा)। अमेरिका ईरान के युद्ध ने पूरी दुनिया को पेट्रोल डीजल की संकट से भर दिया है। जिसका असर भारत में भी देखा जा रहा है। खासकर एलपीजी गैस में कमी की चर्चाओं के बाद देश में पेट्रोल डीजल की कमी की अफवाह ने लोगों की चिंता बढ़ा दी। इंटरनेट मीडिया और एक मुंह से दूसरे मुंह होने वाली चर्चा के जरिए फैली भ्रामक खबरों के कारण पेट्रोल पंपों में अचानक भीड़ उमड़ पड़ी। शुक्रवार को यह पैनिक अवस्था बहुत ज्यादा ही देखी गई। लोग अपनी गाड़ियों की टंकी फूल करवाने लगे। लोगों द्वारा अपने वाहनों में जरुरत से ज्यादा इंधन भराने के चलते सामान्य दिनों की अपेक्षा पेट्रोल डीजल की कई गुना अधिक खपत हुई। जो व्यक्ति 20 रुपए 50 रुपए का पेट्रोल डलवा रहा था। वह इस भय से 100 रुपए से ज्यादा के पेट्रोल डलवाने लगे। भविष्य में इंधन मिलने न मिलने की अनिश्चितता और घबराहट में लोगों द्वारा अपनी गाड़ियो की टंकी फूल करवाई जाने लगी। इससे शहर के कई पेट्रोल पंपों में पेट्रोल डीजल दोनों समाप्त हो गया। इससे पेट्रोल पंपों को बंद कर देनी पड़ी। शहर के पेट्रोल पंपों में बाहर से टैंकर आने के बाद अब पेट्रोल डीजल की मारामारी की स्थिति नहीं है। इधर जिला प्रशासन द्वारा जिले में पेट्रोल डीजल की 5 दिनों का स्टाक होने की बात कही जाने के बाद लोगों को थोड़ी राहत मिली है। इसके बाद भी लोगों में आगामी दिनों में पेट्रोल डीजल नहीं मिलने की आशंका बनी हुई है। हालांकि पेट्रोल डीजल को लेकर शहर के पेट्रोल पंपों में वाहनों की लंबी कतारें नहीं देखी जा रही। पेट्रोल व डीजल इजी मिल रहा है। इससे वहां भीड का आलम नहीं बना हुआ है।

### पेट्रोल पंप के संचालको व खाद्य अधिकारियों की बैठक

बता दें कि शहर सहित जिले भर में पेट्रोल डीजल को लेकर लोगों में बनी घबराहट की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर द्वारा तीनों कंपनियां हिंदुस्तान पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल व भारत पेट्रोलियम के अधिकारियों, डीजल-पेट्रोल पंप के संचालको व खाद्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली गई। जिससे जानकारी मिली कि जिले में स्थित कुल 130 पेट्रोल पंपों में 651 किलो लीटर पेट्रोल का 5 दिनों का स्टाक भरा पड़ा है। इससे लोगों को अफवाहो और घबराहट से बचने की जरूरत बताते हुए उन्हें पैनिक में नहीं रहने की सलाह दी है। और कहा है कि किसी भी वजह से कहीं उपलब्धता कम होने पर इस टोल फ्री नंबर 1800,233,3663 अथवा 1800,233,1967 पर संपर्क कर शिकायत की जा सकती हैं। मिली जानकारी के अनुसार शहर के पुलिस पेट्रोल पंप में ड्राई चल रहा है। यहां पेट्रोल व डीजल नहीं मिलने की बात कही जा रही है। इसी तरह लिटिया स्थित पेट्रोल पंप में पेट्रोल तो है लेकिन डीजल नहीं है। उक्त संदर्भ में खाद्य अधिकारी से उपरोक्त नंबर से संपर्क किए जाने पर संपर्क विहिन बताया जाता है। यही नहीं खाद्य अधिकारी के प्राईवेट नंबर 8183797345 पर काल किए जाने पर न काल उठाया जाता है और न जवाब देना उपयुक्त समझा जाता है।

आवश्यकता है
ड्राइवर और वर्कर की.
ओम पेयजल, राजनांदगांव में काम करने हेतु
कार्य स्थानः राजनांदगांव
-: संपर्क करें :-
8103758669, 7999161135
जल्दी संपर्क करें!

## जिला रजक धोबी समाज की बैठक संपन्न, शहर परिक्षेत्र सचिव पद पर दीपक रजक का पुनः चयन



राजनांदगांव (दावा)। जिला रजक धोबी समाज की महत्वपूर्ण बैठक दीनदयाल नगर स्थित सामाजिक भवन में रविवार को आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत भगवान शिव एवं संत शिरोमणि गाडगे जी महाराज के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना कर तथा सामाजिक बंधुओं एवं पदाधिकारियों को तिलक लगाकर की गई। बैठक में जिला पदाधिकारियों सहित विभिन्न परिक्षेत्रों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व कार्यकाल का आय-व्यय विवरण समाज के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिस पर सामाजिक बंधुओं ने चर्चा की। इसके बाद जिला अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। लेकिन सामाजिक सदस्यों के बीच सर्वसम्मति नहीं बन पाने के कारण आगामी बैठक में पुनः प्रक्रिया पूरी करने पर सहमति बनी।

आपको बता दें कि जिला अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर का तीन साल का कार्यकाल बहुत ही सफलतापूर्वक रहा। जिसमें उन्होंने अपने सामाजिक पद का निर्वहन गंभीरतापूर्वक करते हुए सामाजिक एकजुटता और समाज के महत्वपूर्ण विकास कार्यों को पूर्ण किया है। इसी दौरान राजनांदगांव शहर परिक्षेत्र रजक समाज के अध्यक्ष गोपी रजक ने जिला अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर की अनुशंसा पर शंकरपुर निवासी दीपक रजक को शहर परिक्षेत्र सचिव पद पर पुनः चयनित करने की घोषणा की। दीपक रजक के पुनः चयन पर समाज के लोगों ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। बैठक में सामाजिक एकता, संगठन मजबूती एवं समाजहित से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई।

# दान की भूमि पर सैकड़ों पेड़ों की अवैध कटाई, निष्पक्ष जांच की मांग





राजनांदगांव (दावा)। रियासत काल में राजाजी द्वारा कुष्ठ रोगियों के लिए दान की गई भूमि, जहां आज भी कुष्ठ रोग से ग्रस्त महतारी निवास कर रही हैं, वहां इमली और कौहा सहित सैकड़ों पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। मामले की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय नागरिकों एवं कांग्रेस पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार वर्ष 1904 से 2005 तक उक्त भूमि लीज पर दी गई थी। केयर टेकर के अनुसार संस्था के संचालक पी. देवदास, जो वर्तमान में अमेरिका में निवासरत बताए जा रहे हैं। क्षेत्र में मुरूम खुदाई कर दो तालाब बनाए जाने की भी जानकारी सामने आई है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि दान की भूमि, पर्यावरण और मानवता - तीनों के साथ खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो जनआंदोलन किया जाएगा। मौके पर पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, आशीष साहू, जय जायसवाल, राहुल मरकाम सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## विनय डढ्ढा तेरापंथ सभा के पुनः अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा के दो वर्षीय कार्यकाल के लिए तेरापंथ भवन में समाज की सामान्य बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निवृत्तमान अध्यक्ष विनय डढ्ढा को पुनः आगामी दो वर्ष के कार्यकाल के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। सभा के अन्य पदाधिकारियों का चयन श्री डढ्ढा ने किया। जिसके अनुसार उपाध्यक्ष पद पर संतोष कांकरिया का चयन किया गया। इस दौरान महेन्द्र सुराणा सचिव, नलिन कोठारी सहसचिव व दीपक कोठारी कोषाध्यक्ष व भवन प्रभारी चुने गये। चुनाव सभा समाज के वरिष्ठ सदस्य उमेदचंद कोठारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## बजरंगपुर-नवागांव में सुहागिनों ने रखा वट सावित्री व्रत



राजनांदगांव (दावा)। बजरंगपुर नवागांव-बजरंगपुर नवागांव, बाबुटोला, शंकर नगर एवं दीवानटोला में वट सावित्री व्रत श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लम्बी उम्र और सुख समृद्धि की कामना के साथ व्रत रखा सुबह से ही मंदिरो और वट वृक्षों के आस पास महिलाओं की की भीड़ देखने को मिली। जहां विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। हाथो में पूजा की थाली माथे पर सिंदूर पारंपरिक श्रृंगार में सजी महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर कच्चा धागा बांधा और भगवान से अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा। महिलाओं ने सावित्री सत्यवान की कथा का श्रवण कर व्रत का महत्व सुना। पूजा के दौरान महिलाओं ने परिवार की खुशहाली और पति की दीर्घायु की कामना की।

# घुमका नगर पंचायत में किरण वर्मा होगी भाजपा की अध्यक्ष प्रत्याशी



राजनांदगाव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी ने आगामी 1 जून को होने वाले नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर घुमका नगर पंचायत के लिए अध्यक्ष पद के रूप में किरण वर्मा पति एकलव्य वर्मा को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से प्रदेश महामंत्री नवीन मारकंडे ने आज देर रात अध्यक्ष पद के रूप में किरण वर्मा की घोषणा की है।

**नामांकन रैली के साथ भाजपा झोंकेगी ताकत**

विदित हो कि किरण वर्मा लंबे समय से समाज सेवा एवं सक्रिय राजनीति में भी जुड़ी रही हैं, उन्होंने पिछला सरपंच चुनाव भी लड़ा था, किरण वर्मा की व्यापारिक स्वच्छ पृष्ठभूमि के कारण अध्यक्ष पद के 4 प्रत्याशियों में से किरण वर्मा का चयन किया गया। राजनीतिक हलकों में उन्हें दमदार प्रत्याशी के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव संचालक मधुसूदन यादव ने बताया कि अध्यक्ष प्रत्याशी के साथ सभी घोषित 15 प्रत्याशी सामूहिक रैली के रूप में निकलेंगे और नामांकन दाखिल करेंगे।

### अध्यक्ष सहित 15 पार्षद प्रत्याशियों के साथ भाजपा की नामांकन रैली निकलेगी

डोंगरगढ़ विधानसभा के ग्राम घुमका में आगामी 1 जून को होने वाले नगर पंचायत चुनाव के अंतिम दिन भाजपा नामांकन रैली को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए अध्यक्ष एवं 15 पार्षदों की संयुक्त नामांकन रैली निकालेगी,जो आज सुबह 11 बजे भाजपा कार्यालय से शुरू होकर अवंती चौक से आजाद चौक और बस स्टैंड होते हुए महाराणा प्रताप चौक से तहसील कार्यालय जाएगी, जहां पर अध्यक्ष एवं 15 पार्षद प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल करेंगे। घुमका मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा महामंत्री जनक साहू, ललित साहू ने जानकारी देते हुए बताया की नामांकन रैली में जिले एवं प्रदेश के दिग्गज वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

# रेत व मुरूम का अवैध उत्खनन व परिवहन करने पर 1 जेसीबी एवं 4 हाईवा जप्त




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध, भण्डारण, उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम धारा, मोहारा तथा राजनांदगांव तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ठेलकाडीह, इरईकला, घुमका का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेत व मुरूम का अवैध उत्खनन व परिवहन करने पर 1 जेसीबी एवं 4 हाईवा को जप्त किया गया। इसके अंतर्गत मनीष चंद्राकर के स्वामित्व के जेसीबी सीजी 08 पी 8112 से वाहन चालक विशाल वर्मा द्वारा मुरूम का अवैध उत्खनन एवं हाईवा सीजी 08 बीए 9700 से वाहन चालक विजय गेण्ड्रे द्वारा मुरूम का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए थाना मोहारा को सुपुर्द किया गया। पुरानिक सोनवानी के स्वामित्व के हाईवा सीजी 08 बीसी 3622 से वाहन चालक प्रहलाद पाल द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए थाना ठेलकाडीह को सुपुर्द किया गया। इसी तरह दीनदयाल के स्वामित्व के हाईवा सीजी 08 एक्यू 6676 से वाहन चालक दीनदयाल एवं हाईवा सीजी 08 एजे 9270 से वाहन चालक अनिल द्वारा मुरूम का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए थाना घुमका को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

## भाजपा सोशल मीडिया पदाधिकारी एवं मंडल संयोजकों की सूची जारी हुई

राजनादगांव (दावा)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, सोशल मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष मितुल कोठारी तथा जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से सोशल मिडिया के संयोजक ईशान शर्मा ने अपनी पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की है। जिसके अनुसार जिला सह संयोजक हर्ष अग्रवाल सनसिटी एन.एक्स राजनांदगांव, जिला सह संयोजक देवेन्द्र यदु डोंगरगांव, जिला कार्यसमिति सदस्य शशांक सोनी कैलाश नगर, जिला कार्यसमिति सदस्य चिराग महेश्वरी गंज लाईन, जिला कार्यसमिति सदस्य प्रांजल श्रीवास्तव डोंगरगांव, जिला कार्यसमिति सदस्य नोमीत सोनकर सेवता पारा डोंगरगांव, जिला कार्यसमिति सदस्य शौर्य सिन्हा हमाल पारा, जिला कार्यसमिति सदस्य अभिषेक साहू खुज्जी, जिला कार्यसमिति सदस्य चयन गायधने लोहार पारा राजनांदगांव, जिला कार्यसमिति सदस्य चिराग शर्मा भरका पारा राजनांदगांव, जिला कार्यसमिति सदस्य रिषभ लारोकर बुधवारी पारा डोंगरगढ़, जिला कार्यसमिति सदस्य आदित्य मिश्रा मिसिया बाड़ा डोंगरगढ़, जिला कार्यसमिति सदस्य मोहनीश साहू खुज्जी एवं जिला कार्यसमिति सदस्य लोकेश यदु डोंगरगांव आदि है।

# आईटीएम यूनिवर्सिटी की कॉन्फ्रेंस में विधि महाविद्यालय राजनांदगांव की सहभागिता : प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा बनीं रिसोर्स पर्सन



राजनांदगांव (दावा)। रायपुर स्थित आईटीएम यूनिवर्सिटी में आयोजित प्रतिष्ठित तृतीय राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में राजनांदगांव के पंडित किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई है। इस उच्च स्तरीय शैक्षणिक सम्मेलन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा ने रिसोर्स पर्सन (विषय विशेषज्ञ) के रूप में आमंत्रित होकर अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वहन किया और नगर का गौरव बढ़ाया।

### मध्यस्थता के बदलते आयामों पर रखे सारगर्भित विचार

कॉन्फ्रेंस में प्री-लिटिगेशन एवं पोस्ट-लिटिगेशन मिडिएशन विषय पर देश-प्रदेश के विधि विशेषज्ञों के बीच गहन और प्रभावी चर्चा हुई। इस विषय पर व्याख्यान देते हुए प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा ने समाज और न्यायिक प्रणाली में मध्यस्थता की वर्तमान आवश्यकता पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया में इसकी प्रभावशीलता तथा प्री-लिटिगेशन एवं पोस्ट-लिटिगेशन के बदलते आयामों से उपस्थित सभी सभासदों को अवगत कराया। डॉ. निमिषा मिश्रा ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि अदालतों के बाहर या अदालती कार्यवाही के दौरान आपसी सुलह और मध्यस्थता का यह विषय आज के समय में बेहद प्रासंगिक है। उन्होंने कॉन्फ्रेंस के मुख्य विषय को कानूनी जगत और समाज में सौहार्दपूर्ण न्याय स्थापित करने के क्षेत्र में एक अत्यंत जरूरी कदम करार दिया।

**प्री-लिटिगेशन एवं पोस्ट-लिटिगेशन मिडिएशन विषय पर हुई प्रभावी चर्चा, महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक भी बनीं सम्मेलन का हिस्सा**

इस गौरवपूर्ण सम्मेलन में पंडित किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय से न केवल प्राचार्य, बल्कि अन्य फैकल्टी सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक द्वय सुश्री सुरभि अग्रवाल एवं सोनाक्षी सिरवानी ने भी इस राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में प्रतिभागी के रूप में सहभागिता की और विषय से जुड़े विभिन्न कानूनी पहलुओं पर चर्चा का हिस्सा बनीं।

# अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी से शेरा देशी शराब जब्त



**आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी आबकारी के मामले है दर्ज**

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसके पास से 7.740 बल्क लीटर सवा शेरा देशी शराब सहित बिक्री की रकम 200 जब्त की है। चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि आरोपी के विरूद्ध पूर्व मे भी आबकारी एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। उन्होंने साथ ही अपने चौकी क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले दो बदमाशो को गिरफतार किया है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, में चौकी चिखली क्षेत्र में अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाष, और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 17 मई रविवार को ग्राम बोईरडीह प्राथमिक शाला भवन के बाउण्ड्री के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने की सूचना मिलने पर तत्काल चौकी चिखली पुलिस द्वारा ग्राम बोइरडीह प्राथमिक शाला स्कुल को चारो तरफ से घेराबंदी किया गया और मौके पर आरोपी उगेश पारधी पिता संतलाल पारधी उम्र 33 साल निवासी बोरईरडीह को शराब अवैध रूप से बिक्री करते हुए धर दबोचा गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 43 पौवा सवा शेरा देशी शराब कीमती 3440 रूपये एवं बिक्री रकम 200 रूपये जप्त कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी के विरूद्ध धारा सदर 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आदेशानुसार उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

### अशांति फैला रहे बदमाश भी चढ़े पुलिस के हत्थे

चौकी प्रभारी श्री मरई ने बताया कि इसी प्रकार अभियान कार्यवाही के तहत चौकी चिखली मे आम जनता की शिकायतो के आधार पर अलग अलग टीम गठित कर बदमाशो पर अंकुश लगाने हेतु पेट्रोलिंग कार्यवाही किया जा रहा है। इस दौरान रविवार 17 मई को क्षेत्र में झगड़ा विवाद कर अशांति फैला रहे बदमाश युधिष्टिर राजपूत पिता सुरेश राजपूत उम्र 24 साल निवासी चिखली रमन बाजार, अरविंद यादव पिता गणेश यादव उम्र 25 साल निवासी भरकापारा थाना कोतवाली के विरूद्ध पृथक से धारा 170,126,135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

# गौवंश मवेशियों को बुचड खाना ले जाते वाहन अशोक लीलैंड पिकअप एवं पायलेटिंग करते आरोपी पकड़ा गया




**कार होंडा अमेज में पायलेटिंग कर रहा था आरोपी, 4 नग मवेशी जब्त**

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में गौ-वंश को बूचड़ खाने ले जाने वाले वाहन को पायलेटिंग करने वाले आरोपी को धर दबोचा है। लालबाग थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि उक्त आरोपी कार होंडा अमेज से पायलेटिंग कर रहा था। उनके पास से 4 नग मवेशी कीमती 80,000 रूपये, परिवहन करते 1 वाहन पिकअप 9132 कीमती 10,00,000 रुपए एवं सहयोग करने वाले 1 वाहन कार कीमती 3,00,000 रुपए एवं 5 नग मोबाइल फोन कीमती 26,500 रुपए जुमला कीमती 14,06,500 रूपये जब्त को किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम. नितेश शिवरतन भंवरिया पिता शिवरतन भंवरिया उम्र 36 निवासी 1-90 वीएचबी कॉलोनी शांति नगर पुलिस स्टेशन नागपुर शहर महाराष्ट्र, शाहरुख खान पिता मोहम्मद शरीफ उम्र 31 निवासी डॉक्टर अंबेडकर मार्ग नागपुर ताज नगर थाना पाचपावली जिला नागपुर शहर महाराष्ट्र, मोहम्मद मुबाशिर पिता शेख शब्बीर उम्र 30 निवासी शिवाजी रोड रोशन विद्यालय के पास पांचपावली जिला नागपुर शहर महाराष्ट्र और मोहम्मद साजिद पिता मोहम्मद यूसुफ उम्र 38 निवासी सलीम कपड़ा वाले के घर के पास डॉक्टर शेख बुनकर कॉलोनी कामठी नागपुर थाना कान्हन जिला नागपुर महाराष्ट्र बताया जाता है। थाना प्रभारी श्री पटेल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में रविवार 17 मई की सुबह छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र की ओर 4 नग भैंसों को महिंद्रा पिकअप में भरकर ले जा रहे तथा वाहन के पायलेटिंग कर रहे उनके सहयोगियों को थाना लालबाग स्टाफ के द्वारा हिक्मतअमली से ट्रांसपोर्ट नगर चौक पेंड्री के पास अन्य लोगों के सहयोग से रोककर पकड़ा गया।

### पिकअप में ठूंस -ठूंस कर भरे भरे थे मवेशी

उन्होंने बताया कि वाहन पिकअप को देखने पर वाहन मे 4 नग मवेशी को भरकर क्रूरता पूर्वक बिना चारा पानी दिये महाराष्ट्र की ओर बुचड़खाना ले जाते पाये जाने पर थाना लालबाग द्वारा पकड़े गए आरोपी वाहन चालक एवं सहयोगियों नितेश शिवरतन भंवरिया, शाहरुख खान, मोहम्मद मुबाशिर शेख एवं मोहम्मद साजिद के खिलाफ अपराध धारा 4,6,10 क्ष.ग.कृ. प.परि.अधि, एवं 11(1)(घ), 11(1) (ज) पशु क्रूर. निवा.अधि. का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है। मामले में गिरफ्तार आरोपीयों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड प्राप्त किया जा रहा है। वहीं पशु तस्करी के अपराध में संलिप्त अन्य व्यक्तियों का पता तलाश किया जा कर विधिवत गिरफ्तारी कार्यवाही की जाएगी।

# स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरुकता लाने फिट इंडिया सडे सायकल रैली का हुआ आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता लाने के लिए हॉकी इंडिया के निर्देशानुसार आज दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में श्री फिरोज़ अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी,श्री उमेश भोजानी अधीक्षक सेंट्रल जी एस टी, श्री वैभव शर्मा निरीक्षक सेंट्रल जी एस टी,श्री विपिन पंड्या सहायक निरीक्षक जी एस टी ,श्री के सी त्रिपाठी,इंचार्च साई सेंटर राजनांदगांव की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की प्रारंभिक जानकारी देते हुए श्री सौरभ शर्मा ने स्वास्थ्य का संदेश देते हुए कद्दू की कहावत के बारे बताया कि यदि कद्दू को उंगली बता दो तो गिर जाता है जिसके संबंध में बताया कि कद्दू के फूलों को पराग पद्धति द्वारा स्वास्थ्य किया जाता है उसी प्रकार जीवन में स्वास्थ्य रहना है तो नियमित सायकल चलाए। इस अवसर पर श्री फिरोज़ अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी ने कहा कि आज फिट इंडिया संडे ऑन सायकल रैली कार्यक्रम के माध्यम से भारत सरकार द्वारा फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम रखा गया है जो कि इस कार्यक्रम का 75वा एडिशन है। विगत 75 संडे से इस आयोजन को साई सेंटर राजनंदगाँव आयोजित करते आ रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी बच्चों और बड़ों को सायकल चलाते देख आज बचपन की याद आ गई पुराने समय में जिसके पास सायकल है वो धन्य या साहूकार कहा जाता था आज हम सायकल चलाकर स्वास्थ्य के लिए जागरूक करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन सायकल चलाना चाहिए। के सी त्रिपाठी केंद्र प्रभारी सह मुख्य बॉलीबॉल कोच ने बताया कि भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश पर प्रति रविवार लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए पूरे भारत में फिट इंडिया सायकल रैली का आयोजन किया जाता है। श्री उमेश भोजानी अधीक्षक सेंट्रल जी एस टी,ने संदेश देते हुए बताया कि स्वास्थ्य रहना है इसके पहले नियम व अनुशासन में रहना जरूरी है जिससे हम नियमित अभ्यास कर स्वास्थ्य रह सकते हैं। प्रदीप शर्मा समाजसेवी ने बताया कि फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज का दिया गया संदेश आज जन जन तक पहुंचने के लिए भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय के निर्देश पर प्रति रविवार को यह कार्यक्रम किया जाता है। संडे ऑन सायकल के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदीप शर्मा,सुखदेव राउत,दीपा राजपूत,शकील अहमद (खेलो इंडिया हॉकी कोच) कृष्णा यादव,वीरेंद्र सिन्हा, लेखराम देवांगन, जय हिंद निषाद, कुमारू राम पटेल एवं साई ट्रेनिंग सेंटर तथा खेलो इंडिया सेंटर के खिलाड़ी उपस्थित थे।

# ई-फार्मेसी के विरोध में 20 मई को देशव्यापी केमिस्ट हड़ताल: अविभाजित राजनांदगांव जिले का दवा व्यापार रहेगा पूर्णतः बंद

**ऑनलाइन कंपनियों के विनाशकारी मूल्य निर्धारण और डोर डिलीवरी नीति के खिलाफ केमिस्टों का हल्लाबोल; आपात स्थिति के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी**

राजनांदगांव (दावा)। अवैध एवं अनियंत्रित ई-फार्मेसी और कॉर्पोरेट कंपनियों के एकाधिकार के खिलाफ छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। ऑल इंडिया आर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) के आह्वान पर आगामी 20 मई को प्रस्तावित देशव्यापी केमिस्ट्स हड़ताल के समर्थन में अविभाजित राजनांदगांव जिले का संपूर्ण दवा व्यापार पूर्णतः बंद रहेगा। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए तहसील से लेकर गांवों तक के दवा विक्रेता एकजुट हो चुके हैं। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि देश के लगभग 12.40 लाख केमिस्ट इस ऐतिहासिक आंदोलन को सफल बनाने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं।

केमिस्ट समाज ने सरकार के सामने 3 प्रमुख न्यायसंगत मांगें रखी है। जिसमें अवैध एवं अन नियंत्रित ऑनलाइन दवा संचालन को बढ़ावा देने वाली सरकारी अधिसूचना संख्या जी.एस.आर. 817(ई) दिनांक 28.08.2018 को तत्काल वापस लिया जाए। दवाओं की घर पहुंच सेवा से जुड़ी अधिसूचना संख्या जी.एस.आर. 220(ई) दिनांक 26.03.2020 को पूरी तरह निरस्त किया जाए। बड़ी कॉर्पोरेट ई-फार्मेसी कंपनियों द्वारा किए जा रहे अनुचित और विनाशकारी मूल्य निर्धारण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए।



### व्यापार ही नहीं, जनता के स्वास्थ्य सुरक्षा की है लड़ाई

दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष अतुल जैन एवं सचिव दशरथ प्रसाद शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि यह आंदोलन केवल व्यापार बचाने का नहीं, बल्कि देश की जनता की स्वास्थ्य सुरक्षा, दवाओं की शुद्धता, मरीजों की गोपनीयता तथा नियंत्रित दवा व्यवस्था को बचाने का एक राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना पर्याप्त नियंत्रण एवं निगरानी के ऑनलाइन दवा बिक्री से बाजार में नकली दवाएं धड़ल्ले से बिक रही हैं। इसके अलावा बिना वैध डॉक्टर पर्ची (प्रिस्क्रिप्शन) के दवाओं की उपलब्धता के कारण युवा पीढ़ी सूखे नशे की गर्त में धकेली जा रही है। ऑनलाइन माध्यमों से मरीजों के निजी डेटा के दुरुपयोग की भी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जो देश के पारंपरिक दवा वितरण तंत्र को समाप्त कर देंगी।

### आंदोलन को मिला व्यापक समर्थन

इस ऐतिहासिक आंदोलन को केवल छोटे-मध्यम केमिस्टों का ही नहीं, बल्कि डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, अपोलो फार्मेसी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स की संस्थाओं सहित देशभर की अनेक सामाजिक, व्यापारिक एवं स्वास्थ्य क्षेत्र की संस्थाओं का व्यापक और खुला समर्थन प्राप्त हो रहा है।

### आपातकालीन सेवाएं रहेंगी बहाल, सोमवार-मंगलवार को दवाएं खरीदने की अपील

दवा संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हमारा उद्देश्य मरीजों को परेशान करना नहीं है। मानवीय मूल्यों को ध्यान में रखते हुए बंद के दौरान आपातकालीन स्थिति के लिए जिला दवा संघ द्वारा चिन्हित काउंटरों पर चौबीसों घंटे सेवाएं दी जाएंगी। संघ ने आम जनता से सहयोग की अपेक्षा करते हुए अपील की है कि वे अपनी अति आवश्यक दवाएं बंद के पूर्व ही (सोमवार और मंगलवार को) खरीद कर रख लें ताकि किसी भी तरह की असंभावित असुविधा से बचा जा सके।

आपात स्थिति में मरीज या उनके परिजन नीचे दिए गए नंबरों और चिन्हित मेडिकल स्टोर्स पर संपर्क कर सेवा प्राप्त कर सकते हैं। जिसमें बृजेश शर्मा (94079-59800) गणेश मेडिकल स्टोर्स (मानव मंदिर चौक राजनांदगांव), लोकेश साह (93290-80725) लक्ष्मी मेडिकल हॉल (पेंड्री हॉस्पिटल के पास), विजय शर्मा (97555-39005) बालाजी मेडिकल स्टोर्स (बसंतपुर हॉस्पिटल के पास), गुंजन गुप्ता (98279-35355) इंदु मेडिकल स्टोर्स (सदर बाजार, राजनांदगांव), संजू सिन्हा (94076-61825) सिन्हा मेडिकल स्टोर्स (तुलसीपुर, राजनांदगांव) आदि है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ केमिस्ट एन्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (राजनांदगांव) के मुख्य पदाधिकारी जिसमें अतुल जैन (अध्यक्ष) 9826180282, दशरथ प्रसाद शर्मा (सचिव) 9827106550 एवं अनिक खण्डेलवाल (कोषाध्यक्ष) 9926000211 से संपर्क कर सकते है।

## अनमोल दावा

"सिर्फ उतना ही विनम्र बनो जितना जरूरी हो, बेवजह की विनम्रता दूसरो के अहम को बढ़ावा देती है।"

## सम्पादकीय

# बेरोजगारी का भय और हताश युवाओं को आत्महत्या से रोकना होगा

कहते हैं, हर चमकने वाली पीली वस्तु सोना नहीं होती। ऐसा ही कुछ मिलता-जुलता यह कि हमारा देश सतत् विकास, डिजीटल क्रांति और आर्थिक प्रगति की ऊंचाइयां सर कर रहा है, ऐसा कहा जाता है। परन्तु, इस सुनहरी छवि के पीछे एक कष्टदायक सच्चाई छिपी हुई है। जो सरकार और जनता के लिए चिन्ताजनक है। NCRB याने नेशनल क्राईम रेकार्डस ब्यूरो के हाल की रिपोर्ट में जानकारी मिली है कि देश में आत्महत्या की घटनाओं में थोड़ी कमी आयी है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि विद्यार्थियों और बेरोजगार युवाओं के आत्महत्या के मामले सतत् बढ़ रहे हैं। जो यह दिखाता है कि देश के युवा टूटा भरोसा, बढ़ता तनाव और असुरक्षित भविष्य का सामना कर रहे हैं।

रिपोर्ट बताती है कि, 2024 में देश में कुल 1,70,746 आत्महत्या के मामले दर्ज हुवे थे। जो पिछले साल से थोड़े कम हैं। हालाकि, विद्यार्थियों की आत्महत्या की दर 8.1 प्रतिशत से बढ़कर 8.5 प्रतिशत हुई है। 2013 में 13,892 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की थी। जब कि, 2024 में यह संख्या बढ़कर 14,488 हो गई। बेरोजगार व्यक्तियों की आत्महत्या की दर में भी वृद्धि हुई है। 2023 में 13,892 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की थी। जबकि, 2024 में यह संख्या बढ़कर 14,488 हो गई। इसी प्रकार, बेरोजगार युवाओं की आत्महत्या के मामले की दर भी बढ़ी है। 2023 में 14,234 बेरोजगार युवाओं ने आत्महत्या की थी। जब कि, 2024 में यह संख्या बढ़कर 14,778 हो गई। ये हालात दर्शाते हैं कि देश की युवाशक्ति मानसिक और आर्थिक रूप से कठिनाइयों का सामना कर रही है।

देश की 'शिक्षा' का कटु यथार्थ यह कि, हमारे प्रभावशाली विद्यार्थी केवल अध्ययन ही नहीं करते परन्तु, अपेक्षाओं को लिए सतत् स्पर्धा करते हैं और इसमें उन्हे असफलता का भय सतातें रहता है। स्कुलों और महाविद्यालयों में मार्क्स याने नम्बर व रेन्क-रेटिंग सफलता का मापदण्ड बन गए हैं। जिसके कारण, विद्यार्थी और उनके पालक अभिभावकगण अपेक्षाओं के मद्देनजर सतत् दबाव का अनुभव करते हैं। मेडिकल, चार्टर्ड एकाउटेंट, इंजीनियरिंग व सरकारी नौकरियों से जुड़ी पी.एस.सी.-आई.ए.एस. की परीक्षाओं की तैयारी करने वाले लाखों युवक-युवतियां दिन-रात अनथक परिश्रम करते हैं। परन्तु, सीमित सीटें और बढ़ती जा रही स्पर्धाओं के कारण अधिकांश विद्यार्थियों को असफलता का स्वाद चखना पड़ता है। यही असफलता शनैः शनैः मानसिक तनाव, हताशा और निराशा में बदल जाती है।

देश में कोटा, दिल्ली, पटना, हैदराबाद आदि के अनेक शैक्षणिक केन्द्रों में विद्यार्थियों के आत्महत्या के मामले सतत् प्रकाश में आ रहे हैं। यह केवल व्यक्तिगत कमजोरी का मामला नहीं है। परन्तु, शैक्षणिक प्रणाली की पूर्ण रूप से असफलता है। शिक्षा हमें जीवन जीने की कला के साथ अन्य बहुत सी विधाएं सिखाती हैं। किन्तु, विद्यार्थियों के पास मानसिक स्वास्थ्य पर खुलेआम चर्चा करने के लिए वातावरण का अभाव है। अधिकांश युनिवर्सिटीज संस्थाओं में काउंन्सिलिंग केवल औपचारिकता बन गई है। अनेक विद्यार्थी अपने भीतर भय, एकलता और असफलता को बर्दाश्त करने के आदी हो चुके हैं।

बेरोजगारी की समस्या ने युवाओं को गहरे संकट में डाल दिया है। शिक्षा पूर्ण करने के बाद भी रोजगार-नौकरी नहीं मिलती। फलस्वरूप, वे अपने आप को परिवार-समाज में बोझ के रूप में देखते हैं। उन्हे अपना भविष्य असुरक्षित लगने लगता है। लाखों युवा वर्षों तक स्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। परन्तु, भर्ती प्रक्रिया में विलम्ब, पेपरलीक सीमित अवसर और बढ़ती आयु उन्हे मानसिक रूप से कमजोर करती है। आर्थिक अवरोध भी उन्हे निराशा की गर्त में धकेल देता है।

ग्रामीण क्षेत्रों के हालात तो अति गंभीर हैं। कृषि पर निर्भर परिवारों के बच्चे पढ़ने-लिखने के बाद भी बेरोजगारी का सामना करते हैं। देश में नौकरियां बगैर रिश्वत के मिलती नहीं हैं। अधिकांश मामलों में ऐसा होता है। केवल सहानुभूति व्यक्त करने से या बेरोजगारी भत्ता देनें से इस समस्या का हल होनें वाला नहीं है। कौशल विकास योजना भी देश में भ्रष्टाचार का चारागाह बन गई है। वाकई में शासकगण समस्या का हल चाहते हैं तो केन्द्र व राज्य सरकारों को संयुक्त रूप से युवाओं को वित्तीय सम्पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने वाली नीतियों को घड़ना होगा। सर्वप्रथम, शिक्षा प्रणाली में आमुलचूल सुधार करने की जरूरत है। परीक्षा आधारित दबाव घटाना होगा। विद्यार्थियों के लिए काउंन्सिग और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना होगा। शिक्षा संस्थाओं का वातावरण ऐसा बनाना होगा, जहां विद्यार्थी भयमुक्त होकर अपनी समस्या का शेयर कर सके।

NCRB रिपोर्ट केवल संख्याकीय दस्तावेज नहीं है, परन्तु एक चेतावनी है। जिसे सरकार को गंभीरता से लेना होगा।

# मंत्रियों से चौपाल तक मोदी की अपील



अमेरिका और इजरायल के सैन्य अधिकारी ईरान पर हमले की टारगेट लिस्ट बना रहे हैं। इस प्रकार युद्ध विराम की घोषणा के बाद स्ट्रेट आप होर्मुज के निर्वाध परिवहन पर आशंका की काली घटाएं घिर गयी हैं। लगभग दो महीने पहले अमेरिका ने जब ईरान पर हमला किया था तभी से दुनिया भर में तेल और गैस संकट की शुरूआत हो गयी थी। दुनिया भर में तेल-गैस की राशनिंग के साथ तरह-तरह के प्रतिबंध लगाये गये लेकिन मोदी सरकार ने इस संकट की आंच दो महीने तक जनता तक बिल्कुल नहीं पहुंचने दी। सरकार की अर्थ व्यवस्था अब अतिरिक्त प्रयासों की मांग कर रही है।

इसीलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता से 10 मई को एक भावुक अपील की थी। इस अपील का प्रभाव मंत्रियों से गांव की चौपालों तक देखा जा रहा है। तेल की बचत करने के लिए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों के सुरक्षा काफिले में वाहन आधे कर दिये गये। कुछ मंत्री तो साइकिल से सचिवालय आते दिखे, वहीं पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए अब गांव-गांव ग्रीन चौपालें लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर जिले में 899 ग्राम पंचायतों में 14 मई को एक साथ ग्रीन चौपालें लगाई गयीं। इन चौपालों में लोगों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने, इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग करने पौधारोपण व जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 10मई को जनता से जो अपील की है, उसे सामयिक, दूरदर्शी और राष्ट्रहित में माना जाना चाहिए। यह संकट लगभग 11 सप्ताह पूर्व 28 फरवरी से उस समय और गहरा हो गया जब ईरान-इज़रायल युद्ध में अमेरिका कूद पड़ा और ईरान ने दुनिया के सबसे व्यस्त ईंधन मार्ग स्ट्रेट ऑफहोर्मुज को बंद कर दिया। भारत ने ईरान से भी मधुर संबंध बनाए रखे और अमेरिका से भी मित्रता कायम रखी। इससे भारत ने एक तरफ रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदा, दूसरी तरफ भारत के तेल और गैस से भरे जहाज होर्मुज के रास्ते ही भारत पहुंच गये। इस बीच ऊर्जा संकट से पूरी दुनिया त्राहि-त्राहि करने लगी और इसकी आंच भारत तक भी पहुंची।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईंधन बचाने व एक साल तक सोना न खरीदने व हर प्रकार से विदेशी मुद्रा बचाने की अपील की थी। केन्द्र से लेकर भाजपा शासित राज्य सरकारों में मंत्रियों ने सुरक्षा काफिले की संख्या आधी की, सार्वजनिक परिवहन से की यात्रा। यूपी के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना साइकिल से आ रहे सचिवालय। योगी आदित्यनाथ की अपील पर गांव-गांव में लग रहीं ग्रीन चौपालें। चौपालों में लोगों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने, इलेक्ट्रिक वाहन चलाने, पौधारोपण व जल संरक्षण के लिए किया जा रहा प्रेरित।**

मोदी सरकार ने इस अभूतपूर्व ऊर्जा संकट में देश की जनता को संकट का सामना नहीं करने दिया। पूरी दुनिया में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतें आसमान पर पहुंच गयीं लेकिन भारत में चूल्हे भी जलते रहे और वाहन भी चलते रहे। हाँ, तेल और गैस के भंडार अब कम हो रहे हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जागरूक जनता से बहुत सामान्य सहयोग मांगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और महंगे ईंधन के बीच देशहित में एक अहम अपील की है। उन्होंने विदेशी मुद्रा बचाने के लिए एक साल तक सोना न खरीदने,खाने के तेल की खपत कम करने, अनावश्यक वाहन उपयोग घटाकर कारपूलिंग करने और विदेश यात्राएं टालने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, देशभक्ति सिर्फ जान देना नहीं बल्कि मुश्किल वक्त में ज़िम्मेदारी से जीना भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने की अपील की। पीएम मोदी ने वर्क फ्रॉम होम करने पर ज़ोर दिया। इसके पीछे सीधा हिसाब है। दफ्तर आने-जाने में रोज़ाना लाखों लीटर पेट्रोल-डीजल जलता है। कॉर्पोरेट कंपनियाँ अगर हफ्ते में कुछ दिन भी वर्क फ्रॉम होम लागू करें तो ईंधन की खपत और आयात का बोझ दोनों कम हो सकते हैं। पीएम ने नागरिकों से अपील की है कि वे गैर जरूरी विदेश यात्रा, विदेश में छुट्टियां मनाने और विदेशी शादियों से बचकर और घरेलू पर्यटन और भारत के भीतर समारोह आयोजित करके विदेशी मुद्रा भंडार को संरक्षित करने में मदद करें। पीएम मोदी ने लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की।

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना खरीदने वाला देश है और हम हर साल करीब 59 अरब डॉलर यानी लगभग पांच लाख करोड़ रुपए का सोना बाहर से मंगाते हैं। सोने की कीमत और रुपए की कमजोरी के बीच सीधा रिश्ता है। सोना महंगा होता है तो रुपया और टूटता है। प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों को मेड-इन-इंडिया और लोकल लेवल पर बनने वाले प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया, जिनमें जूते, बैग और सहायक उपकरण जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल हैं। भारतीय सामान खरीदने से आयात कम होगा और देश के उद्योग और रोज़गार को फायदा मिलेगा। पीएम मोदी ने किसानों से अपील कि वे रासायनिक खाद का उपयोग 50 प्रतिशत कम करें, प्राकृतिक खेती अपनाएं और डीजल पंप की जगह सौर पंप लगाएं। भारत यूरिया की अपनी ज़रूरत का 25 प्रतिशत, फास्फेट का 90 प्रतिशत और पोटाश का पूरा 100 प्रतिशत विदेश से मंगाता है। 2023-24 में सिर्फ उर्वरक सब्सिडी का बोझ 1.75 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। यूरिया बनाने के लिए प्राकृतिक गैस चाहिए जो खुद आयात होती है। पश्चिम एशिया संकट में गैस महंगी हुई तो खाद

महंगी हुई और सरकार की सब्सिडी और बढ़ी। खाद का इस्तेमाल कम करें तो यह पूरी चेन टूटती है। वैश्विक ऊर्जा मार्ग स्ट्रेट आफ होर्मुज से प्रतिदिन लगभग 2 करोड़ बैरल कच्चे तेल का परिवहन होता है। जहाजों का आवागमन बंद होने से इस वैश्विक संकट का प्रभाव अभूतपूर्व रहा। ब्रेंट क्रूड की कीमत 70 डॉलर से बढ़कर 126 डालर प्रति बैरल हो गयी है। इसके परिणामस्वरूप दुनिया के कई देशों को असाधारण कदम उठाने पड़े। बांग्लादेश में ईंधन की राशनिंग हुई। श्रीलंका में चार दिवसीय कार्य सप्ताह के साथ फ्यूल पास जारी किये गये हैं। दक्षिणकोरिया ने पहली बार ईंधन मूल्य सीमा तय की है। जापान को अपना सबसे बड़ा रणनीतिक तेल भंडार उपयोग करना पड़ रहा है। भारत का लगभग 40 फीसद तेल आयात खाड़ी देशों से होता है। इस प्रकार हमारे देश को भी अभूतपूर्व ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ा। भारत सरकार ने अब दो महीने बाद देश की जनता से अपना योगदान देने के लिए अपील की है जो देश-हित में है। (हिन्दुस्तान फीचर)

## विचार सरिता

# जीवन कौशलः ईर्ष्या और जलन आपकी सोच को दूसरों का गुलाम बना देती है



डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

दूसरों की प्रगति को स्वीकार न करना और सहजता में नहीं लेना ही ईर्ष्या है। जो चीज व्यक्ति के पास नहीं है और वह इसके लिए प्रयास कर रहा है, साथ ही समान प्रयास करने वाले किसी दूसरे व्यक्ति को वह चीज मिल जाए तो पहले व्यक्ति को इसे सहजता से नहीं लेने पर व्यर्थ ईर्ष्या हो सकती है। कई बार समान प्रयास नहीं होने पर भी मनुष्य दूसरों की प्रगति से जल भुन उठता है और उसके मन में ईर्ष्या की भावना उत्पन्न हो जाती है कि मेरे पास यह चीज क्यों नहीं है? ईर्ष्या की ऐसी भावना रखना स्वयं पर दुधारी तलवार चलाने के समान है। एक तो आप उस चीज से वंचित हैं, जिसके लिए आपने ईर्ष्या की है और जिसके बिना आपको अपना काम चलना पड़ रहा है। ऊपर से आपने अगर ईर्ष्या की भावना मन में पाल ली है तो इससे आगे आपका ही नुकसान होने जा रहा है।

ईर्ष्या प्रेम की विरोधी है। अगर मन में ईर्ष्या की भावना है तो ऐसा व्यक्ति किसी एक व्यक्ति से नहीं बल्कि हर उस व्यक्ति से ईर्ष्या की ही भावना रखेगा, जो उसकी नजर में उससे अधिक साधनवान है। ईर्ष्या मनुष्य को भीतर ही भीतर घुन की तरह खाने लगती है। ऐसा ईर्ष्यालु व्यक्ति जाने- अनजाने उस व्यक्ति की आदतों का अनुसरण करने लगता है जिससे वह ईर्ष्या रखता है अर्थात उसकी नकल करने का प्रयास करना, या वह जैसा है,वैसा बनने का प्रयत्न करना। धीरे-धीरे मनुष्य की मौलिकता समाप्त होने लगती है और वह अपनी सोच को भी अगले व्यक्ति के कार्यों को पराजित करने जैसी अनावश्यक मानसिकता से युक्त बनाते जाता है। ऐसा करते-करते उसकी स्वयं की भूमिका उस व्यक्ति के विरोधी सोच तक ही सिमट कर रह जाती है। जब तक आप ईर्ष्या के दोष से मुक्त नहीं होंगे तब तक आप प्रेम, आनंद और सफलता के मार्ग पर आगे नहीं बढ़ सकते हैं।



# स्वास्थ्य लाभः 30 दिनों तक 30 मिनट वॉक करने से क्या होगा ?

आज के समय में लोगों की लाइफस्टाइल इतनी बिगड़ चुकी है कि खुद को फिट और हेल्दी रखने के लिए लोग जिम में घंटों पसीना बहाते हैं। वहीं कुछ लोग वॉक करना भी पसंद करते हैं। वॉक करना सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं। रोजाना वॉक करने से वजन घटाने में मदद मिलती है और साथ ही हार्ट हेल्थ भी बेहतर होता है। लेकिन क्या कभी आपने सोचा है कि 30 दिनों तक 30 मिनट वॉक करने से क्या क्या फायदे होते हैं। चलिए जानते हैं।



### दिल की सेहत के लिए

रोजाना आधा घंटा चलने से दिल की धड़कनें बेहतर होती हैं और ब्लड सर्कुलेशन सुधरता है। यह आपके हाई ब्लड प्रेशर और बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा काफी हद तक घट जाता है।

### वजन नियंत्रण और फैट बर्न

अगर आप बिना थका देने वाली हैवी एक्सरसाइज के वजन कम करना चाहते हैं, तो वॉक सबसे बेस्ट है। रोज 30 मिनट की ब्रिस्क वॉक से लगभग 150 से 200 कैलोरी बर्न होती है। 30 दिनों के अंदर आप अपनी कमर और पेट की चर्बी में फर्क साफ महसूस करेंगे।

### मानसिक तनाव और एंग्जायटी से राहत

पैदल चलने से शरीर में एंडोर्फिन और सेरोटोनिन जैसे %फील-गुड% हार्मोन रिलीज होते हैं। यह मानसिक तनाव, चिंता और डिप्रेशन को कम करते हैं। 30 दिन पूरे होते-होते आप खुद को पहले से ज्यादा खुश और फ्रेश महसूस करेंगे।

### एनर्जी लेवल और स्टेमिना में बढ़ोतरी

शुरुआती कुछ दिनों में आपको थोड़ी थकान हो सकती है, लेकिन 30 दिनों के अंत तक आपका स्टैमिना और एनर्जी लेवल काफी बढ़ जाएगा। फेफड़ों की ऑक्सीजन क्षमता सुधरने से आप दिनभर एक्टिव रहेंगे।

### बेहतर पाचन तंत्र

रात के खाने या दिन के खाने के बाद 30 मिनट टहलने से भोजन आसानी से पचता है। यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे कब्ज, एसिडिटी और ब्लोटिंग जैसी समस्याओं से हमेशा के लिए छुटकारा मिल सकता है।

### मजबूत हड्डियां

वॉक एक बेहतरीन वेट-बेयरिंग एक्सरसाइज है। यह पैरों और कूल्हों की हड्डियों को मजबूत बनाती है और जोड़ों में लचीलापन लाती है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस और गठिया का खतरा कम होता है।

## सामयिक चर्चा

### समझने की बात

बानी बाले - '' आज की खबर,
सुनिए गजाधर!
राहुल गांधी भड़के
नीट पेपर लीक पर।
पेपर लीक के मामले नीट परीक्षा
रद्द होने के बाद, छात्रों के बीच
बढ़ती हताशा की घटनाओं को देखते हुए
कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने
जवाबदेही तय करने के लिए
केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान के
इस्तीफे का सरकार पर
दबाव बढ़ा दिया है।
लोकसभा नेता विपक्ष राहुल
गांधी ने आरोप लगाया
कि शिक्षण संस्थानों में
सत्ता संरक्षित लोगों द्वारा गांठ जोड़कर,
नीट पेपर लीक को
पैसा कमाने का जरिया बना लिया है।
आगे राहुल गांधी ने बौखलाकर कहा -
''पीएम मोदी धर्मेन्द्र प्रधान का
तुरन्त इस्तीफा लें, या बर्खास्त करें।''
तो गजाधर! अब आप कहें,
पीएम मोदी जी को क्या निर्णय लेना चाहिए?
गजाधर मुस्कराए बोले- ''बानी!
बस इतना कि धर्मेन्द्र प्रधान को बुलाकर
मोदी जी को उन्हें, पूर्व रेल मंत्री
लाल बहादुर शास्त्री जी की फोटो
दिखा देना चाहिए।''
रविवार 17 मई 2026



गिरिश बख्शी

## कविता


### // तेरे अस्तित्व पर //

नागफनी !
मरू या पथरीली भूमि पर
तू निस्संदेह उगता है,
गमले पर उगने से
तेरे अस्तित्व पर
एक प्रश्नचिह्न लगता है।
अपने नुकीले काँटे से
तू उंगलियाँ चुभोना
नहीं छोड़ता है,
तेरे पास सुंदर-सुकोमल सुमन है
तभी तो तेरे अस्तित्व पर
एक प्रश्नचिह्न लगता है।
तुझे मिलती है मनचाही धूप
खाद/उर्वरक और नित
तुझ पर पानी भी डलता है,
नागफनी !
तेरे अस्तित्व पर
एक प्रश्नचिह्न लगता है।




टीकेश्वर सिन्हा
''गब्दीवाला''
घोटिया-बालोद
(छत्तीसगढ़)
सम्पर्क : 9753269282.

## राशिफल




**मेष**

आज चंद्रदेव आपके दूसरे भाव में गोचर कर रहे हैं, जिससे आपका मुख्य ध्यान पैसों, परिवार और भावनात्मक सुरक्षा पर रहेगा। आपकी अपनी राशि में स्थित मंगलदेव आपको ऊर्जावान तो बनाएंगे, लेकिन थोड़ी जल्दबाजी या बेचैनी भी दे सकते हैं, इसलिए खुद पर काबू रखें। वृषभ राशि के सूर्यदेव और बुधदेव आपकी प्रैक्टिकल सोच को बढ़ाएंगे, जिससे आर्थिक फैसले लेने में आसानी होगी।



**वृष राशि**

आज चंद्रदेव, सूर्यदेव और बुधदेव आपकी ही राशि में मौजूद हैं, जो आपके आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को गजब की मजबूती दे रहे हैं। आप अपने पर्सनल गोल्स पर फोकस्ड रहेंगे और आपकी पर्सनालिटी लोगों को आकर्षित करेगी। हालांकि, बारहवें भाव के मंगलदेव और राहु की स्थिति करियर में अचानक बदलाव या मन में गुप्त तनाव पैदा कर सकती है। जिद्दी व्यवहार और ओवरकॉन्फिडेंस से बचें, वरना नुकसान हो सकता है।




**मिथुन**

आज चंद्रदेव आपके बारहवें भाव में सक्रिय हैं, जिससे आप थोड़े इमोशनल हो सकते हैं और आपका ध्यान खर्चों व छिपे हुए मामलों की तरफ रहेगा। आपकी अपनी राशि के शुक्रदेव और बृहस्पतिदेव आपके चार्म और आत्मविश्वास को शिखर पर रखेंगे, जिससे सोशल सर्कल में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। मेष राशि के मंगलदेव आपको दोस्तों और टीम वर्क के जरिए आर्थिक लाभ दिला सकते हैं।



**कर्क**

आज चंद्रदेव आपके ग्यारहवें भाव को सक्रिय कर रहे हैं, जिससे आपका ध्यान लाभ, महत्वाकांक्षाओं और भविष्य की प्लानिंग पर केंद्रित रहेगा। वृषभ राशि के सूर्यदेव और बुधदेव की वजह से आपकी नेटवर्किंग और बातचीत में सुधार आएगा, जिससे प्रभावशाली लोगों का साथ मिलेगा। मिथुन राशि के बृहस्पतिदेव आपकी आध्यात्मिक समझ और इंट्यूशन को बेहतर करेंगे।



**सिंह**

आज चंद्रदेव आपके दसवें भाव में गोचर कर रहे हैं, जिससे आपका पूरा ध्यान करियर, जिम्मेदारियों और अपनी सोशल इमेज पर रहेगा। वृषभ राशि के सूर्यदेव और बुधदेव आपके प्रोफेशनल फैसलों को सटीक बनाएंगे और आपकी लीडरशिप क्वालिटी लोगों का ध्यान खींचेगी। मेष राशि के मंगलदेव आपको चुनौतियों का सामना करने का साहस देंगे। लव लाइफ में पार्टनर को इमोशनल अटेंशन दें और ईगो क्लैश से बचें।




**कन्या**

आज चंद्रदेव आपके नौवें भाव को सक्रिय कर रहे हैं, जिससे भाग्य का साथ मिलेगा और आपका ध्यान यात्रा, अध्यात्म व भविष्य की प्लानिंग पर रहेगा। वृषभ राशि के सूर्यदेव और बुधदेव आपकी प्रैक्टिकल सोच और गुरुओं से मार्गदर्शन प्राप्त करने की क्षमता को बढ़ाएंगे। हालांकि, आठवें भाव के मंगलदेव और सातवें भाव के शनिदेव रिश्तों में गंभीरता या दूरियां और पैसों से जुड़ा तनाव दे सकते हैं।



**तुला**

आज चंद्रदेव आपके आठवें भाव में हैं, जो रिसर्च, फाइनेंस और अचानक बदलावों पर आपका फोकस बढ़ाएंगे। वृषभ राशि के सूर्यदेव और बुधदेव की मौजूदगी आपको गहरी और प्रैक्टिकल सोच देगी। मिथुन राशि के शुक्रदेव और बृहस्पतिदेव भाग्य का साथ दिलाएंगे और उच्च शिक्षा या यात्रा से लाभ हो सकता है। नकारात्मक पक्ष देखें तो सातवें भाव के मंगलदेव रिश्तों में बहसबाजी और ईगो क्लैश पैदा कर सकते हैं।



**वृश्चिक**

आज चंद्रदेव आपके सातवें भाव को सक्रिय कर रहे हैं, जिससे आपका पूरा ध्यान पार्टनरशिप, रिश्तों और पब्लिक डीलिंग पर रहेगा। वृषभ राशि के सूर्यदेव और बुधदेव दूसरों के साथ बातचीत को बेहतर करेंगे, जिससे सफल नेगोशिएशन संभव होगा। हालांकि, छठे भाव के मंगलदेव और चौथे भाव के राहु कार्यक्षेत्र में कॉम्पिटिशन, तनाव और घरेलू शांति में खलल डाल सकते हैं।




**धनु**

आज चंद्रदेव आपके छठे भाव में गोचर कर रहे हैं, जिससे आपका ध्यान काम, सेहत और दैनिक जिम्मेदारियों पर बना रहेगा। वृषभ राशि के सूर्यदेव और बुधदेव आपकी प्रैक्टिकल सोच और समस्या सुलझाने की क्षमता को निखारेंगे। मेष राशि के मंगलदेव आपकी क्रिएटिविटी और आत्मविश्वास को बढ़ाएंगे, जिससे लीडरशिप क्वालिटी में सुधार होगा। लव लाइफ में पार्टनर से प्रैक्टिकल बातचीत और सहयोग की उम्मीद रहेगी।




**मकर**

आज चंद्रदेव आपके पांचवें भाव को सक्रिय कर रहे हैं, जो शिक्षा, रोमांस और निर्णय लेने की शक्ति को मजबूती देगा। वृषभ राशि के सूर्यदेव और बुधदेव आपकी बुद्धि और व्यावहारिक सोच को बेहतर करेंगे, जिससे फाइनेंशियल प्लानिंग सफल होगी। हालांकि, चौथे भाव के मंगलदेव और दूसरे भाव के राहु घर में भावनात्मक तनाव और फालतू खर्चों की वजह से बेचैनी पैदा कर सकते हैं। जोखिम भरे आर्थिक फैसलों से बचना ही ठीक होगा।



**कुंभ**

आज चंद्रदेव आपके चौथे भाव को सक्रिय कर रहे हैं, जिससे आपका पूरा ध्यान घर, परिवार और मानसिक सुख-सुविधाओं पर रहेगा। वृषभ राशि के सूर्यदेव और बुधदेव घरेलू मामलों में आपकी प्रैक्टिकल सोच को बढ़ाएंगे। आपकी अपनी राशि के राहु मन में बेचैनी और अचानक रिएक्शन पैदा कर सकते हैं, इसलिए जल्दबाजी में फैसले न लें। तीसरे भाव के मंगलदेव भाई-बहनों से बहस करा सकते हैं।



**मीन**

आज चंद्रदेव आपके तीसरे भाव को सक्रिय कर रहे हैं, जो आपके साहस, यात्रा और नेटवर्किंग को सपोर्ट करेंगे। वृषभ राशि के सूर्यदेव और बुधदेव आपकी फैसले लेने की क्षमता और प्लानिंग को बेहतर करेंगे। मिथुन राशि के शुक्रदेव और बृहस्पतिदेव घर में सुख-शांति और भावनात्मक आराम बढ़ाएंगे। हालांकि, आपकी अपनी राशि के शनिदेव स्वभाव में गंभीरता और मानसिक दबाव पैदा कर सकते हैं, इसलिए खुद पर शक न करें।

# खाद के लिए दो दिन से भटक रहे किसान, घंटों इंतजार के बाद भी नहीं मिल रही जरूरत के मुताबिक बोरी

## डोंगरगांव के ग्राम आसरा सहकारी समिति में अव्यवस्था से बढ़ी परेशानी, सप्लाई कम होने के कारण एक-दो बोरी से काम चलाने को मजबूर हैं अन्नदाता




डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र के ग्राम आसरा स्थित सेवा सहकारी समिति में खाद वितरण व्यवस्था अव्यवस्थित नजर आ रही है। खाद लेने पहुंचे कई किसान पिछले दो दिनों से सोसायटी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है और भरी गर्मी में किसानों को सुबह से देर शाम तक लंबी कतारों में बैठकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। बावजूद इसके आवश्यकता अनुरूप खाद नहीं मिल पा रहा है और लंबे इंतजार के बाद एक-दो बोरी से ही काम चलाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार किसानों की सुविधा और बेहतर व्यवस्था के उद्देश्य से गांव में नई सेवा सहकारी समिति शुरू की गई थी, लेकिन वर्तमान में इस सोसायटी की अव्यवस्था के चलते किसानों की परेशानी बढ़ रही है। खेती के महत्वपूर्ण समय में खाद नहीं मिलने से किसानों में चिंता और नाराजगी देखी जा रही है। इस विषय पर किसानों ने बताया कि खाद वितरण में स्पष्ट व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें बार-बार सोसायटी आना पड़ रहा है। कई किसान दूर-दराज के गांवों से पहुंच रहे हैं। जिससे समय और आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। ग्रामीणों एवं किसानों ने सरपंच, समिति प्रबंधन और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से खाद वितरण व्यवस्था को सुचारू और पारदर्शी बनाने की मांग की है ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके।

> नया सोसायटी है, जो शनिवार से ही खाद वितरण कर रहा है और किसानों की परेशानी को देखते हुए रविवार को भी वितरण किया जा रहा है। कम मात्रा में सप्लाई की वजह से सभी किसानों को सीमित मात्रा में खाद दिया जा रहा है। शीघ्र ही व्यवस्था सुदृढ़ हो जाएगी।
>
> **- त्रिभुवन यादव, आसरा सोसायटी प्रबंधक**

# घुमका नगर पंचायत चुनाव : कांग्रेस प्रत्याशी एक साथ दाखिल करेंगे नामांकन, आज दिखेगा बड़ा शक्ति प्रदर्शन

## प्रदेश कांग्रेस ने जारी की अधिकृत प्रत्याशियों की सूची, विशाल रैली में जुटेंगे दिग्गज नेता और हजारों कार्यकर्ता



घुमका (दावा)। नगर पंचायत के प्रथम चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद आज अध्यक्ष पद सहित सभी पार्षद प्रत्याशी एक साथ विशाल रैली एवं शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन दाखिल करेंगे। कांग्रेस संगठन इसे घुमका के राजनीतिक इतिहास का महत्वपूर्ण क्षण मानते हुए व्यापक तैयारी में जुटा हुआ है।

कांग्रेस प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रत्याशी चयन हेतु नियुक्त पर्यवेक्षक रमेश डाकलिया एवं हेमंत वैष्णव ने क्षेत्र के वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक, वरिष्ठ कांग्रेसजनों तथा दावेदारों से वन टू वन चर्चा कर व्यापक सहमति बनाने का प्रयास किया। सभी पक्षों से विचार-विमर्श के बाद जिलाध्यक्ष विपिन यादव के माध्यम से दावेदारों का पैनल प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित किया गया था। जिस पर त्वरित निर्णय लेते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने देर रात्रि अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी।

जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि आज सुबह 10 बजे सभी अधिकृत प्रत्याशी कांग्रेसजनों के साथ रैली के रूप में कार्यालय पहुंचेंगे तथा एक साथ नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि 'घुमका नगर पंचायत कांग्रेस पार्टी की देन है और अब कांग्रेस ही इसे विकास, विश्वास और जनभागीदारी के साथ संवारेगी।'

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की कुशासन, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, जनसमस्याओं की अनदेखी तथा जनविरोधी नीतियों को कांग्रेस जनता के बीच प्रमुख मुद्दा बनाएगी। कांग्रेस पार्टी विकास, पारदर्शिता और जनसरोकारों के मुद्दों पर चुनाव लड़ते हुए पूर्ण बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी। नामांकन रैली में जिले के वर्तमान विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, खैरागढ़ विधायिका, पूर्व महापौर, निगम, मंडल एवं आयोगों के पूर्व पदाधिकारी, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ एवं महिला पदाधिकारी, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष, वर्तमान एवं पूर्व पार्षदगण सहित युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई एवं कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश डाकलिया एवं महामंत्री राहुल तिवारी ने सभी कांग्रेसजनों से अधिक से अधिक संख्या में समय पर उपस्थित होकर नामांकन रैली को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह रैली भाजपा सरकार की कुशासन, जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई और आम जनता की उपेक्षा के खिलाफ घुमका की जनता के बीच एक मजबूत राजनीतिक संदेश देने का कार्य करेगी तथा कांग्रेस की जनहित, विकास और जनविश्वास की राजनीति को और मजबूती प्रदान करेगी।

# पहला कॉलम...

## रूदगांव में तीन दिवसीय भव्य आयोजन हुए



डोंगरगांव (दावा)। अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में विकासखंड डोंगरगांव के समीपस्थ ग्राम रूदगांव में तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस मातृ शक्तियों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यज्ञ मंडप में कलश स्थापना कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। संध्या बेला में जिला प्रमुख यज्ञाचार्य जयप्रकाश सिन्हा द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ दीप महायज्ञ संपन्न कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामवासियों ने नशा से दूर रहने एक बुराई और एक अच्छाई ग्रहण करने संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सोलह संस्कारों की सारगर्भित व्याख्या करते हुए पुंसवन संस्कार, अन्न प्राशन एवं दीक्षा संस्कार कराने प्रेरणा दिया गया। द्वितीय दिवस 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विविध संस्कार निःशुल्क संपन्न किये गए और 15 ग्रामीणों ने दीक्षा ली। पूर्णाहुति एवं आरती के पश्चात ग्रामवासियों द्वारा गरबा नृत्य आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. हरेश कुमार सोनकर द्वारा गायत्री यज्ञ समापन के अवसर पर आभार व्यक्त एवं सम्मानपूर्वक टोली को विदाई दी गई। तृतीय दिवस पं. कामता प्रसाद द्वारा शनिदेव का अभिषेक संपन्न हुआ। तत्पश्चात मानस संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गायत्री परिजन गीताराम साहू, क्षत्री सलामे, खोरबाहरा राम, सुरेंद सिंह नरबद, बंसी, भजनलाल, नीलिमा सिन्हा एवं जय शनि देव हनुमंत सेवा संस्थान एवं रसराज मानस परिवार रूदगांव का सराहनीय योगदान रहा।

## ठेलकाडीह क्षेत्र में बिजली कटौती से जनता परेशान, जिला कांग्रेस सचिव ओमप्रकाश साहू ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना



राजनांदगांव (दावा)। ग्रामीण क्षेत्र में हो रही लगातार बिजली कटौती से आम जनता परेशान है, इस पर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (ग्रामीण) सचिव ओमप्रकाश साहू ने राज्य सरकार और बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 24 घंटे बिजली देने का दावा करने वाली सरकार से आम जनता बिजली कटौती से परेशान है।

ओमप्रकाश साहू ने कहा कि लगातार हो रही विद्युत कटौती किसी साजिश से कम नहीं लगती। क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से आमजन काफी परेशान हैं। बार-बार बिजली गुल होने से लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच बिजली की आंख-मिचौली ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ओमप्रकाश साहू ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग द्वारा कटौती को लेकर किसी प्रकार की पूर्व सूचना भी प्रसारित नहीं की जाती, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि किसान, व्यापारी, विद्यार्थी और आम नागरिक सभी इस समस्या से प्रभावित हैं, लेकिन सरकार और विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता की मूलभूत सुविधाओं को लेकर गंभीर नहीं है और बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जिला सचिव ओमप्रकाश साहू ने मांग की है कि बिजली विभाग जल्द से जल्द व्यवस्था में सुधार करें और अघोषित कटौती पर रोक लगाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# आर्थिक बोझ के खिलाफ कांग्रेसजनों द्वारा पेट्रोल पंप में किया विरोध प्रदर्शन

## महंगाई और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों ने जनता की कमर तोड़ी - विष्णु लोधी



डोंगरगढ़(दावा)। भारत में पेट्रोल डीजल की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि के कारण आम जनता पर पढ़ रहे आर्थिक बोझ के खिलाफ दिनांक 17.5.2026 को डोंगरगढ़ शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा महावीर पारा स्थित कक्कड़ पेट्रोल पंप में जाकर जन आंदोलन एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।

उक्त प्रदर्शन में डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, श्रीमती संध्या देशपांडे, श्रीमती नलिनी मेश्राम, प्रदीप शर्मा, शिशुपाल भारती, विष्णु लोधी , प्रमोद टेंभुरनिकर, चुम्मन साहू, सुरेश सिन्हा, मतीन खान, आमीन उके, राम जी तराने, संजय यादव , नरेश करसे, दशरथ ठाकुर, रमेश साखरे, संजय फूले, गणेश प्रसाद, गुलशन , पप्पू इंदुरकर, संजय, रजत देशपांडे, जगतारण यादव, सुरेंद्र अम्बादे, बब्बू खान, गणपत रजक, दुलीचंद बडोले, संजीव गुप्ता, मनोज साहू, श्रीमती निधि गजभिए,सामसाय टांडेकर, संतोष हठीले, केशव टांडी, हरीश भंडारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे!

लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस सचिव विष्णु लोधी ने कहा कि आज देश में पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिसका सीधा असर किसानों, मजदूरों, मध्यम वर्ग, छोटे व्यापारियों एवं आम परिवारों पर पड़ रहा है। परिवहन महंगा होने से खाद्य सामग्री, रसोई गैस, खेती-किसानी और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम जनता का जीवन कठिन होता जा रहा है।

# मधुसूदन के प्रयास से सिवनीकला में लगा ट्रांसफार्मर, विद्युत समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को मिली राहत



डोंगरगढ़ (दावा)। विगत अनेक वर्षों से बिजली की समस्या से जूझ रहे सिवनीकला के ग्रामीणों को उस समय बड़ी राहत मिली। जब पूर्व सांसद एवं राजनांदगांव नगर निगम महापौर मधुसूदन यादव के प्रयास से विद्युत विभाग की ओर से एक सप्ताह के भीतर ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। ग्रामीण विगत अनेक वर्षों से लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे थे। स्कूली छात्र-छात्राओं को जहां विद्या अध्ययन में बाधा उत्पन्न होती थी। वही किसानों को पर्याप्त मात्रा में सिंचाई के लिए अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

गत दिनों ग्राम छपारा के युवा कार्यकर्ता के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे श्री यादव को सिवनीकला के सरपंच ने गांव आने का निमंत्रण दिया था। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने श्री यादव को विद्युत की समस्या से अवगत कराया था। श्री यादव ने तत्काल प्रभाव से ग्रामीणों की समस्या से विद्युत विभाग के उच्च अधिकारी को अवगत कराया था। ग्राम में ट्रांसफार्मर लगने पर सिवनीकला के सरपंच पंच और ग्रामीणों ने पूर्व सांसद व राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव को धन्यवाद देने महापौर के निज निवास पहुंचकर धन्यवाद दिया और आगामी सुशासन शिविर में सिवनीकला आने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर सरपंच योगेश संचेती, सुकलु साहू, पुसऊ रजक, तुलाराम, सूरज मंडले, सम्रुता राठोर ललिता साहू, भोजबाई साहू, मनजीत, महादेव साहू, महेश साहू, मिथिलेश सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सिवनी कला में लगने वाले सुशासन त्यौहार में शामिल होंगे मधुसूदन

मधुसूदन यादव का आभार व्यक्त करने गए ग्रामीणों ने सिवनीकला में लगने वाले सुशासन शिविर मे आने का निमत्रण श्री यादव को दिया गया। जिसे सहज स्वीकार करते हुए श्री यादव ने ग्रामीण जनो से और कुछ आवश्यक समस्या हो उसे बताने कहा, जिस पर सरपंच योगेश संचेती ने आश्रित ग्राम खैरबना के हितग्राहियों को खैरबना में ही प्रतिमाह राशन मिल सके उसकी व्यवस्था कराने की मांग की। श्री यादव ने पूर्व जनपद सदस्य रवि अग्रवाल और मनोज नेताम को खैरबना में राशन मिल सके उसके लिए आवश्यक दस्तावेज सरपंच से सम्पर्क कर जमा करवाने के लिए कहा है।

# पीएमश्री स्कूल गण्डई में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया संपन्न, पारदर्शिता के बीच विद्यार्थियों का हुआ चयन



**18 मई दोपहर 12 बजे तक दस्तावेज सत्यापन अनिवार्य, लापरवाही बरतने पर वेटिंग लिस्ट से भरे जाएंगे पद**

गण्डई (दावा)। नगर के पीएमश्री स्व. लाल मूरत सिंह खुशरो शासकीय अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय गण्डई के अंतर्गत शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा पहली एवं अन्य कक्षा में प्रवेश के लिए सीटों के विरूद्ध निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन के परीक्षण उपरांत 11 मई को पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन किया गया था। प्रकाशित सूची के आधार पर 13 मई 2026 तक दावा/आपत्ति आमंत्रित किए गए थे। दावा आपत्ति उपरांत पात्र आवेदकों की अंतिम सूची संस्था के सूचना पटल में चस्पा किया गया था। 14 मई 2026 को दोपहर 11 बजे उपरोक्त कक्षा में छात्रों का चयन लॉटरी पद्धति के माध्यम से किया गया। कक्षा पहली में प्रवेश के लिए रिक्त 50 सीटों में प्रवेश के लिए 50 प्रतिशत बालिका, 25 प्रतिशत बीपीएल एवं 25 प्रतिशत अनारक्षित वर्गो से लिया गया। 25 सीट बालिका, 12 सीट बीपीएल एवं 13 सीट सामान्य सीट से लिया गया। लॉटरी में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उपस्थित जन समूह के बीच लॉटरी का कार्यक्रम किया गया। उसके बाद पहली, तीसरी एवं चैथी में प्राप्त रिक्त सीट के आधार पर भी चयन किया गया एवं कक्षा दूसरी, पांचवी, छठवी, आठवी में पर्याप्त आवेदन प्राप्त ना होने के कारण उन कक्षाओं मे सीधा चयन किया गया। सभी रिक्त कक्षा में छात्र-छात्राओं का चयन वेटिंग के आधार पर भी किया गया है। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए श्रीमती स्मिता दास, जसबीर सिंह, मुकेश यादव ने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। वह पूरे डॉक्यूमेंट/दस्तावेज के साथ वेरीफिकेशन के लिए आगामी 18 मई 2026 तक पालक अनिवार्य रूप सम्पूर्ण दस्तावेज विद्यालयीन समय 12 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करने कहा गया है। दस्तावेज को समय सीमा में जमा नहीं करने वाले को छोड़कर वेटिंग लिस्ट से चयन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी पालकों की होगी।

लॉटरी निकालने से पहले संस्था के प्राचार्य पवन कुमार ददरया ने लॉटरी गाइडलाइन से पहले सभी को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, अध्यक्ष नगर पंचायत गण्डई, श्यामपाल ताम्रकार, उपाध्यक्ष नगर पंचायत गण्डई, राकेश ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष गण्डई/पूर्व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष, संजय राजपूत अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, अमित टंडन, विधायक प्रतिनिधि, सावत देवांगन, पार्षद वार्ड क्रमांक 13, सुखनंदन चतुर्वेदी संवाददाता, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सदस्य रोहन ताम्रकार, विक्की कुर्रे एवं विद्यालय के अन्य स्टॉफ सदस्य मनिज दास, रामकुमार केंवट, सुश्री स्नेह एक्का, सुश्री नंदिनी जांगड़े, देवेन्द्र वासनिक, सुश्री भुवनेश्वरी साव, सुश्री सुरभि उइके, श्रीमती किरण वर्मा, सुश्री किरण ठाकुर, सुश्री रीमा देवांगन, सुश्री सौम्या शर्मा, सुश्री निधि चैहान, यश जंघेल, रोहन दिवाकर, देवचरण, कोमल सिंह, रविश भारती, हेमंत कुमार, श्रीमती ममता सोनी, सुश्री दिव्या श्रीवास्तव, निरंजन लाल चंद्रवंशी, अजय खलखो, सुश्री शिलमन ठाकुर, हिमांशु वर्मा, सुश्री नेहा देवांगन, डोमार सिंह राजपूत, आशुतोष देवांगन उपस्थित रहे। संस्था के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्रीमती जागेश्वरी श्रीवास्तव, हेमराज, सुश्री कल्पना ने भी पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# गांजा तस्करी का फरार मुख्य आरोपी सोहेल उर्फ छोटू गिरफ्तार, चिखली पुलिस की बड़ी कार्रवाई




राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने वाले गिरोह के फरार मुख्य आरोपी सोहेल उर्फ छोटू को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में आरोपी की सहयोगी महिला को पुलिस पहले ही गांजे के साथ रंगे हाथ पकड़कर जेल भेज चुकी है।

### जिले को नशामुक्त बनाने एसपी अंकिता शर्मा के कड़े निर्देश

थाना प्रभारी कैलाश चंद्र मरई के नेतृत्व में चिखली पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में जिले को नशामुक्त बनाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत क्षेत्र में अवैध गांजा, शराब बिक्री, असामाजिक तत्वों, गुंडा-बदमाशों और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरुद्ध लगातार धरपकड़ की जा रही है।

### तालाब पार से सहयोगी महिला हुई थी गिरफ्तार

इसी अभियान के दौरान पूर्व में चिखली तालाब पार के पास घेराबंदी कर नेहा मरकाम नामक महिला को रंगे हाथ पकड़ा गया था। उसके कब्जे से 2.492 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया था, जिसकी कुल बाजारू कीमत 24,920 रुपये आंकी गई थी। वैधानिक कार्रवाई के बाद आरोपी महिला को कोर्ट के आदेश पर जेल निरुद्ध कर दिया गया था। इस मामले में महिला को गांजा बिक्री के लिए उपलब्ध कराने वाला मुख्य सरगना सोहेल उर्फ छोटू घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था।

### रमन बाजार क्षेत्र में घेराबंदी कर दबोचा गया मुख्य आरोपी

फरार मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चिखली पुलिस ने चिखली रमन बाजार क्षेत्र में अपने विशेष मुखबिर तैनात किए थे। मुखबिर से सटीक सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और आरोपी नबी हुसैन उर्फ सोहेल खान उर्फ छोटू (पिता नूर हसन, उम्र 27 साल, निवासी वार्ड नंबर 10, रमन बाजार, चिखली) को धर दबोचा।

### आरोपी ने कबूला जुर्म, भेजा गया जेल

पुलिस अभिरक्षा में लेकर जब आरोपी सोहेल खान से कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने अपनी सहयोगी नेहा मरकाम के साथ मिलकर क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने और उसे छुपाकर रखने का जुर्म स्वीकार कर लिया। जुर्म कबूलने और पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है। चिखली पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के नशा तस्करों में हड़कंप मच गया है।

# ग्राम कल्लूबंजारी में छह दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर संपन्न, 70 युवाओं ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प



## शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित हुआ निःशुल्क आवासीय शिविर, युवाओं को सिखाए गए जीवन जीने की कला और स्वावलंबन के गुर

छुरिया (दावा)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार ट्रस्ट छुरिया एवं ग्राम कल्लूबंजारी में गायत्री परिवार के सदस्यों, ग्राम प्रमुखों के सहयोग से छःदिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सद्बुधी की देवी मां गायत्री के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित एवं देवआव्हान से किया गया। यह छः दिवसीय युवा शिविर पुर्णतः निशुल्क एवं आवासीय था। शिविर में ग्राम कल्लूबंजारी, आटरा, बेंदाडी, रामतराई, तेलिनबांधा, रानीपुर खड़खडी, पुर्रामटोला, आमगांव, छुरिया, हालेकोसा, किरगहाटोला के 17 वर्ष से लेकर 30 वर्ष तक के युवक-युवतियों ने शिविर मे भाग लिया। मुख्य प्रशिक्षक के रूप मे डॉ. कुंती साहू सेवा निवृत्त प्राध्यापक भिलाई, सहयोगी नंदकुमार पटेल, चेमन साहू, भिमेश्वरी साहू थे। प्रथम दिवस भव्य कलस यात्रा निकालकर गली भ्रमण कराया गया। प्रशिक्षकों ने सरल एवं प्रभावपूर्ण ढंग से समस्त शिविरार्थियों को जीवन जीने की कला के बारे में बतलाया गया। प्रशिक्षण का मुख्य विषय व्यक्तित्व निर्माण, कैरियर निर्माण, सफल जीवन के सुत्र, कर्मफल का सिद्धांत, जड़ी-बूटी विज्ञान, गौ संवर्धन, जैविक कृषि, ब्रम्हचर्य साधना, नारि स्वासाथ्य, सुसंतति उत्पादन तथा निर्माण, गायत्री का महाविज्ञान, व्यसन से बचाए सृजन में लगाए। धन का अपव्यय, फैशन परस्ती, स्वदेशी, स्वालंबन, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन, नारी जागरण, परिवार निर्माण, यज्ञ का वैज्ञानिक महत्व, मोबाइल का आदि विषय प्रमुख रहा। मोबाईल का सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव आदि। समय सारणी के अनुसार प्रतिदिन प्रातः योगासन, प्राणायाम, ध्यान, एवं संध्या नाद योग कराया गया। वीडियो प्रदर्शनी एवं मनोरंजक प्रेरणाप्रद खेल से युवाओं को प्रेषित कर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षिका कुंती साहू ने कहा भारत युवा देश है। लगभग 65 प्रतिशत आबादी 18 से 35 वर्ष आयु के हैं। युवा ही कल का भविष्य है। सिर्फ समाज एवं देश के लिए नहीं बल्कि अपने परिवार स्वयं के उज्जवल भविष्य के लिए भी जिम्मेदार हैं। परन्तु यदि युवा नशे के गिरफ्त मे आ गया तो समझिए न सिर्फ उसका कैरियर बरबाद हो जाएगा। अपितु उसका व्यक्तित्व भी गिर जाएगा। युवक-युवतियों को नशे से दूर रहने हेतु सीख दिया गया। युवा व्यक्तित्व निर्माण शिविर से शिक्षार्थी स्व प्रेरित होकर 70 युवक-युवतियों ने जीवन मे कभी किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने एवं शाकाहार अपनाने के लिए संकल्प लिया। शिविर को सफल बनाने मे कल्लूबंजारी के सरपंच चित्रा कोर्राम, ग्राम पटेल राजकुमार पटेल, भुवन ठाकुर, धनेश्वरी मंडावी, कुमुद पटेल, जितेन्द्र पटेल, गजेन्द्र खिलोरिया, घनश्याम ठाकुर, रत्ती उईके आदि ग्रामीणजनों एवं गायत्री परिवार ट्रस्ट छुरिया के वरिष्ठ तुलाराम साहू अध्यक्ष, रमेश सिन्हा संरक्षक, एमएल सोनबोईर ब्लाक समन्वयक, जय प्रकाश सिन्हा जिला समन्वयक, गीताराम साहू जिला युवा प्रकोष्ट का विशेष सहयोग रहा। शिविर में उपस्थित सभी शिविरार्थियों को सहभागिता हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# पहला कॉलम...

## फतेहपुर में यमुना नदी में नहा रहे 4 दोस्तों की डूबकर मौत

फतेहपुर। यमुना नदी में रविवार दोपहर एक बजे नहा रहे छह दोस्त गहरे बहाव में चले गये। चीख पुकार सुनकर गोताखोर नदी में कूदे और दो युवकों को बचाकर बाहर ले आये जबकि चार युवकों को गोताखोर ढूंढते रहे। दो घंटे बाद चारों दोस्त थोड़ी-थोड़ी दूर में मिले जिन्हें गोताखोर बाहर निकालकर लाए तो चारों की मौत हो चुकी थी। हादसे से स्वजन बेहाल रहे। ललौली थाने के तपनी निवासी 20 वर्षीय हसीबुद्दीन अपने दोस्त 19 वर्षीय शाहिद, 20 वर्षीय शान, 22 वर्षीय अंश प्रजापति, निजाम व मोनू रैदास के साथ घर से दोपहर पास के कुनुवाडेरा गांव स्थित यमुना नदी में नहाने गये थे। नहाते समय सभी छह दोस्त गहरे बहाव में चले गये। चीख पुकार सुनकर गोताखोर नाजिम व मोनू रैदास को बचाकर बाहर ले आये लेकिन अन्य चार डूब गये। दो घंटे बाद तीन बजे उक्त चारों दोस्तों के शव मिल गये।

## नेपाल के 'एवरेस्ट मैन' ने दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत पर 32वीं बार चढ़कर विश्व रिकॉर्ड बनाया

काठमांडू। नेपाल के शेरपा पर्वतारोही और गाइड कामी रीता ने रविवार सुबह माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करके एक विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 32वीं बार एवरेस्ट फतह की है, जो किसी एक व्यक्ति द्वारा सबसे ज़्यादा बार चढ़ाई करने का रिकॉर्ड है। उनकी उम्र 56 साल है। नेपाल के ऊंचे हिमालयी इलाकों (माउंट एवरेस्ट सहित) में होने वाले अभियानों की देखरेख करने वाले पर्यटन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, कामी रीता आज सुबह 32वीं बार दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंचे। पर्यटन विभाग ने एक प्रेस रिलीज़ में घोषणा की, ÷पर्यटन विभाग यह सूचित करता है कि नेपाली पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने 17 मई, 2026 को सुबह 10:12 बजे (नेपाल मानक समय) माउंट एवरेस्ट (8,848.86 मीटर) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। यह इस पर्वत पर उनकी 32वीं सफल चढ़ाई थी। एवरेस्ट बेस कैंप में स्थित विभाग के फील्ड ऑफिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह चढ़ाई वसंत 2026 के पर्वतारोहण सत्र के दौरान 14 पीक्स एक्सपीडिशन द्वारा संचालित एक अभियान का नेतृत्व करते हुए पूरी की गई।

## इजरायल ने मार गिराया हमास की मिलिट्री विंग का चीफ

नई दिल्ली। इजरायल ने हवाई हमले में हामस की मिलिट्री विंग के चीफ इज्ज अल-दीन अल-हद्दाद को मौत की नींद सुला दिया है। इजरायली सेना ने बीते शनिवार को दावा किया कि अल-दीन अल-हद्दाद, उन आखिरी बचे टॉप कमांडरों में से एक था, जिन्होंने इजरायल पर 7 अक्टूबर 2023 को हुए भीषण हमले की प्लानिंग की थी। उधर, हमास ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से अल-हद्दाद की मौत की पुष्टि कर दी है। इजरायली आर्मी के अनुसार, बीते शुक्रवार को गाजा में हुई एयरस्ट्राइक में अल-हद्दाद मारा गया। वह हमास का सीनियर मिलिट्री स्ट्रैटेजिस्ट था, जिसने इजरायल पर अक्टूबर 2023 के अटैक की योजना बनाने और उसको अंजाम देने में अहम रोल निभाया था। उस अटैक में साउथ इजरायल में लगभग 1,200 लोगों को बेरहमी से मार दिया गया था, जबकि 250 से अधिक इजरायलियों को किडनैप कर लिया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, अल-हद्दाद ने मोहम्मद सिनवार की मौत के बाद हमास की मिलिट्री विंग की जिम्मेदारी संभाली थी। इजरायल ने आरोप लगाया है कि जंग के दौरान अल-हद्दाद ने खुद को अटैक से बचाने के लिए कई बार इजरायली बंधकों का ढाल की तरह प्रयोग किया।

## अब सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 होगी, राष्ट्रपति मुर्मु ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। देश की न्याय व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। राष्ट्रपति ने 'सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) संशोधन अध्यादेश, 2026' जारी किया है, जिसके तहत अब सुप्रीम कोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या 33 से बढ़ाकर 37 कर दी गई है। इसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश यानी चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया शामिल नहीं होंगे। इस फैसले का मुख्य उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के बढ़ते बोझ को कम करना और लोगों को तेजी से न्याय दिलाना है। माना जा रहा है कि जजों की संख्या बढ़ने से मामलों की सुनवाई में तेजी आएगी और लंबे समय से लंबित केसों का निपटारा जल्दी हो सकेगा। केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी जानकारी शेयर की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने 'सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) अधिनियम, 1956' में संशोधन करते हुए जजों की संख्या बढ़ाने वाले अध्यादेश को मंजूरी दे दी है।

यह अध्यादेश केंद्र सरकार के उस फैसले के कुछ ही दिनों बाद आया, जिसमें केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सुप्रीम कोर्ट में चार नए जजों के पद बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इससे पहले 5 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में 'सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026' को संसद में पेश करने का फैसला लिया गया था। सरकार का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट में लगातार बढ़ते कामकाज और लंबित मामलों की संख्या को देखते हुए यह कदम जरूरी हो गया था।

# ICC टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए 12 में से 9 स्क्वॉड का हुआ ऐलान

नई दिल्ली। आईसीसी वूमेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और इस बार टूर्नामेंट पहले से कहीं ज्यादा बड़ा और रोमांचक होने वाला है। पहली बार 12 टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी। दिलचस्प बात ये है कि क्रिकेट का गढ़ माने जाने वाले इंग्लैंड में जून-जुलाई के दौरान इस टूर्नामेंट का आयोजन होगा। कई टीमों ने अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है, जबकि अभी भी तीन टीमों की घोषणा बाकी है। वूमेन्स ञ्20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत 12 जून से होगी। ओपनिंग मैच में मेजबान इंग्लैंड का सामना श्रीलंका से बर्मिंघम के ऐतिहासिक एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड में होगा। पूरे टूर्नामेंट में 24 दिनों के अंदर 33 मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि फाइनल मुकाबला 5 जुलाई को क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित मैदान लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित होगा।

इस बार टूर्नामेंट को दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप7 में भारत, 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और डेब्यू करने वाली नीदरलैंड्स शामिल हैं। वहीं ग्रुप-क्च में डिफेंडिंग चैंपियन न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, श्रीलंका, स्कॉटलैंड और आयरलैंड को जगह मिली है। टीम इंडिया अपने 15 सदस्यीय स्क्वॉड का ऐलान कर चुकी है। टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी, जबकि 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी सोफी मोलिनक्स करेंगी। इंग्लैंड ने नैट साइवर-ब्रंट को कप्तान बनाया है। वहीं न्यूजीलैंड की कमान अमेलिया केर के हाथों में होगी। पाकिस्तान टीम की कप्तानी फातिमा सना करेंगी, जबकि साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वाड्ट होंगी।

ग्रुप की सभी 6 टीमों की घोषणा हो चुकी है। हालांकि, अभी ग्रुप-क्च की 6 में से 3 टीमों का ऐलान होना बाकी है। आयरलैंड, श्रीलंका और वेस्टइंडीज ने अब तक अपने स्क्वॉड का ऐलान नहीं किया है। इन तीन टीमों के




खिलाड़ियों पर अब सबकी नजरें टिकी रहेंगी। भारत : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया, नंदनी शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, क्रांति गौड़, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव।

ऑस्ट्रेलिया : सोफी मोलिनक्स (कप्तान), निकोला केरी, एश्ले गार्डनर, किम गार्थ, लुसी हैमिल्टन, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैक्ग्रा, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वॉल, जॉर्जिया वेयरहम।

साउथ अफ्रीका: लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), ताजमिन ब्रिट्स, नादीन डी क्लर्क, एनेरी डर्कसेन, शबनम इस्माइल, सिनालो जाफ्ता, मारिजाने केप्प, अयाबोंगा खाका, सुने लुस, काराबो मेसो, नॉनकुलुलेको म्लाबा, कायला रेनेके, तुमी सेखुखुने, क्लोय ट्रायॉन, डेन वेन नीर्कर्क।

बांग्लादेश: निगार सुल्ताना जोटी (कप्तान), नाहिदा अख्तर (उप-कप्तान), शर्मिन अख्तर सुप्ता, शोभना मोस्तरी, शोर्ना अख्तर, रितु मोनी, राबेया खान, फाहिमा खातून, फरिहा इस्लाम त्रिस्ना, मारुफा अख्तर, शंजीदा अख्तर माघला, सुल्ताना खातून, दिलारा अख्तर, जुएरिया फिरदौस, ताज नेहर।

नीदरलैंड्स : बैबेट डी लीडे (कप्तान), कैरोलीन डी लैंग, फ्रेडरिक ओवरडिज्क, हन्ना लैंडहीर, हीथर सीजर्स, आइरिस ज्विलिंग, इसाबेल वान डेर वोनिंग, लारा लीमहुइस, मायरथे वान डेन राड, फेबे मोल्केनबोअर, रॉबिन रिज्के, रोजाली लॉरेंस, सान्या खुराना, सिल्वर सीजर्स, स्टर्रे कालिस।

पाकिस्तान÷ फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, आयशा जफर, डायना बेग, एमान फातिमा, गुल फिरोजा, इरम जावेद, मुनीबा अली सिद्दीकी (विकेटकीपर), नशरा संधू, नतालिया परवेज, रमीन शमीम, सादिया इकबाल, साइरा जबीन, तस्मिया रुबाब और तुबा हसन।

इंग्लैंड : नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, टिली कोर्टेन-कोलमैन, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, डैनी गिब्सन, एमी जोन्स, फ्रेया केम्प, हीथर नाइट, लिन्से स्मिथ, इसी वोंग, डैनी व्याट-हॉज।

न्यूजीलैंड : अमेलिया केर (कप्तान), सूजी बेट्स, सोफी डिवाइन, फ्लोरा डेवनशायर, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, ब्री इलिंग, पॉली इंग्लिस, जेस केर, रोजमेरी मेयर, नैंसी पटेल, जॉर्जिया प्लिमर, इजी शार्प, ली ताहूहू।

स्कॉटलैंड : कैथरीन ब्राइस (कप्तान), क्लो एबेल, ओलिविया बेल, सारा ब्राइस, डार्सी कार्टर, प्रियनज चटर्जी, गैब्रिएला फोंटेन्ला, कैथरीन फ्रेजर, कर्स्टी गॉर्डन, आइल्सा लिस्टर, मैसी मैसेरा, अबताहा मकसूद, मेगन मैककोल, राहेल स्लेटर, पिप्पा स्प्रौल।

## वैभव सूर्यवंशी का अगले महीने टीम इंडिया में होगा डेब्यू?

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट को क्या अगला सुपरस्टार मिल चुका है? इस सवाल का जवाब मिलने में अभी थोड़ा इंतजार है, लेकिन इस बीच सिर्फ 15 साल की उम्र में धमाकेदार बल्लेबाजी से दुनिया का ध्यान खींचने वाले वैभव सूर्यवंशी को लेकर अब एक बहुत बड़ी भविष्यवाणी सामने आई है। पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री का मानना है कि यह युवा बल्लेबाज अगले महीने ही टीम इंडिया के लिए डेब्यू कर सकता है। ढ्ढष्टष्ट 19 वर्ल्ड कप 2026 में भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले वैभव सूर्यवंशी इस समय ढ्ढक्करु 2026 में राजस्थान रॉयल्स के लिए लगातार धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे हैं। इस विस्फोटक ओपनर ने इस सीजन 11 पारियों में 440 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 236.56 का रहा है। सबसे खास




बात यह है कि वह अब तक 40 छक्के जड़ चुके हैं, जो इस सीजन किसी भी बल्लेबाज से ज्यादा हैं।

पिछले महीने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 36 गेंदों में शतक ठोककर सनसनी मचा दी थी। इसके अलावा उनके नाम दो और अर्धशतक भी हैं। वैभव की इस बल्लेबाजी से प्रभावित होकर रवि शास्त्री ने सिलेक्टर्स को उन्हें जल्द से जल्द भारतीय टीम में मौका देने की सलाह दी है।

## टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाली महिला बल्लेबाज और उनके आंकड़े

नईदिल्ली। महिला टी-20 क्रिकेट में कई बल्लेबाजों ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से दुनिया को चौंकाया है। कुछ खिलाड़ियों ने तो बेहद कम गेंदों में अर्धशतक जड़कर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इन पारियों में चौकों-छक्कों की बारिश देखने को मिली और विरोधी गेंदबाज पूरी तरह बेबस नजर आए। सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाली महिला बल्लेबाजों की सूची में कई दिग्गज नाम शामिल हैं, ऐसे में आइए उनपर एक नजर डाल लेते हैं।

इस सूची में पहले स्थान पर पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान फातिमा सना आ गई हैं। उन्होंने जिम्बाब्वे महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ 15 मई, 2026 को सिर्फ 15 गेंदों का सामना कर अपना अर्धशतक पूरा किया। ये खिलाड़ी 19 गेंदों में 62 रन बनाकर नाबाद रही। उनके बल्ले से 10 चौके और 2 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 326.31 की रही। उनकी इस शानदार पारी के कारण पाकिस्तान को मैच में 133 रन से




बड़ी जीत मिली।

दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 3 खिलाड़ी हैं। न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की सोफी डिवाइन, ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की फीबी लिचफील्ड और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऋचा घोष ने 18-18 गेंदों पर अर्धशतक जड़े हैं। सोफी और फीबी ने भारत के खिलाफ 2015 और 2023 में ये कारनामा किया था। वहीं, ऋचा ने वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ 2024 में केवल 18 गेंदों पर पचासा जड़ दिया था।

तीसरे स्थान पर पाकिस्तान की निदा डार हैं। उन्होंने 2019 में दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ सिर्फ 20 गेंदों पर पचासा लगाया था। निदा ने 37 गेंदों का सामना कर 75 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 8 चौके और 3 छक्के निकले थे। उनकी स्ट्राइक रेट 202.70 की रही थी। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 173 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे उसने 19.1 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया था। चौथे स्थान पर संयुक्त रूप से 3 खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली, न्यूजीलैंड की डिवाइन और इंग्लैंड की एलिस कैप्सी ने 21-21 गेंदों पर अर्धशतक जड़े हैं। रोचक बात ये है कि ये सभी अर्धशतक आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ आए हैं। हीली और डिवाइन ने साल 2018 में ये कारनामा किया था। वहीं, कैप्सी के बल्ले से ये अर्धशतक 2023 में आया था। इन सभी मुकाबलों में आयरलैंड को हार का सामना करना पड़ा था।

## हॉकी इंडिया ने अंडर -18 टीम के कोच को किया सस्पेंड

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया में एक और विवाद सामने आया है. एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय पुरुष सब-जूनियर टीम के कोचिंग स्टाफ के एक सदस्य को यौन दुराचार के आरोपों के बाद भोपाल में चल रहे राष्ट्रीय शिविर से हटा दिया गया है. यह घटना उसी दिन हुई जब भारत की अंडर-18 टीम भोपाल में अपने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने वाली थी.

बताया जा रहा है कि सपोर्ट स्टाफ सदस्य सुधीर गोल्ला को रांची के मोराबादी स्थित एकलव्य बॉयज एंड गर्ल्स हॉकी ट्रेनिंग सेंटर से उनके खिलाफ शिकायतें सामने आने के बाद वहां से जाने के लिए कहा गया था. यह अनुशासनात्मक कार्रवाई तब की गई, जब रांची के मोराबादी स्थित सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के कई प्रशिक्षुओं ने झारखंड के खेल और युवा मामले निदेशालय में औपचारिक शिकायतें दर्ज कराईं. खिलाड़ियों ने राज्य द्वारा संचालित इस प्रशिक्षण अकादमी में अपने कार्यकाल के



दौरान गोल्ला के अनुचित व्यवहार और कर्तव्य में लापरवाही को लेकर गंभीर चिंताएं जताई थीं, जिसके बाद अधिकारियों ने औपचारिक जांच शुरू कर दी.

शिकायतों के शुरुआती आकलन के बाद, झारखंड के अधिकारियों ने इस हफ्ते की शुरुआत में दखल दिया और गोल्ला को उनकी राज्य-स्तरीय जिम्मेदारियों से मुक्त करते हुए, रांची स्थित केंद्र में उनकी जगह एक महिला कोच को नियुक्त किया है. यह घटना भारतीय हॉकी में सुरक्षा से संबंधित पिछले छह महीनों में सामने आई चौथी बड़ी चिंता है. नवंबर 2025 में, चिली के सैंटियागो में एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप 2025 से कुछ ही दिन पहले यौन दुराचार के आरोप सामने आने के बाद जूनियर महिला हॉकी कोच का अनुबंध नवीनीकृत नहीं किया गया था. एक महीने बाद, वरिष्ठ महिला टीम के कोच हरेंद्र सिंह ने इस्तीफा दे दिया, जब राष्ट्रीय टीम के सदस्यों ने कथित तौर पर खेल मंत्रालय को पत्र लिखकर उन पर दुराचार का आरोप लगाया और उनके कोचिंग कौशल पर सवाल उठाए. अप्रैल 2026 में, हॉकी इंडिया के एक और स्टाफ सदस्य पर महिला अधिकारियों और कोचों के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगा.

हालांकि हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की से टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं हो सका, लेकिन महासंघ ने एक आधिकारिक बयान जारी कर गोल्ला के खिलाफ की गई कार्रवाई की पुष्टि की.

हॉकी इंडिया ने कहा, सुधीर गोल्ला, जो भारतीय सब-जूनियर पुरुष हॉकी टीम के सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा थे, उन्हें हॉकी इंडिया द्वारा भोपाल में चल रहे कोचिंग शिविर से तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है. यह कार्रवाई तब की गई जब महासंघ के संज्ञान में आया कि खिलाड़ियों की शिकायतों के बाद उन्हें एकलव्य हॉकी सेंटर से हटा दिया गया था. महासंघ ने इस बात पर भी जोर दिया कि एथलीटों की सुरक्षा उनकी प्राथमिक प्राथमिकता है. हॉकी इंडिया ने आगे कहा, खिलाड़ियों की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है, और हम सभी एथलीटों के लिए एक सुरक्षित और महफूज माहौल सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

## ज्योतिष चमत्कार ( 18 मई 2026 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 41 | 54 | 67 | 70 |
| मंगल | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 53 | 68 | 79 | 86 |
| बुध | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 69 | 78 | 87 | 90 |
| गुरू | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 76 | 89 | 98 | 06 |
| शुक्र | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 80 | 97 | 07 | 13 |
| शनि | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 96 | 08 | 12 | 21 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 93 | 02 | 19 | 26 |
| मंगल | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 03 | 18 | 28 | 30 |
| बुध | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 17 | 29 | 39 | 46 |
| गुरू | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 20 | 37 | 47 | 59 |
| शुक्र | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 36 | 48 | 58 | 62 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 1 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 2 |
| सप्ताह में अचूक | 5 | 6 | 7 | 0 |
| स्पेशल | 59 | 68 | 74 | 03 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 9 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 8 |
| सप्ताह में अचूक | 2 | 3 | 4 | 7 |
| स्पेशल | 20 | 36 | 45 | 71 |

**सप्ताह में देखें (कल्याण)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**सप्ताह में देखें (राजधानी नाईट)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 53 | 52 | 48 | 04 | 83 | 79 |
| 79 | 98 | 75 | 37 | 97 | 68 |
| 95 | 13 | 95 | 51 | 34 | 18 |
| 14 | 14 | 32 | 20 | 93 | 78 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 00 | 58 | 53 | 71 | 68 |
| 63 | 85 | 71 | 29 | 27 |
| 71 | 34 | 48 | 25 | 66 |
| 79 | 04 | 68 | 01 | 85 |

**जनवरी 2025 से मई 2026 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-86-92
1-245-227-777 2-228-499-688-444-3-166-
4-400-888 5-122 -799-555
6-330-466-222 7- 999 8-567-440-666
9-144-559-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88
2025- -24-49-88-95 -99
1-146-290-777, 2-660-444,3-166 -111,
4-112-888, 5-366-447-555 6-556-222,
7-700-999, 8-189-288-666, 9-117-577
- 333, 0-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**पीएम मोदी 8 साल बाद स्वीडन दौरे पर....**

प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में रात्रिभोज भी रखा। मोदी ने 2019 में राजा और रानी की भारत यात्रा को याद करते हुए कहा कि उस दौरे से दोनों देशों के रिश्तों को नई मजबूती मिली थी। पीएम मोदी ने नीदरलैंड सरकार की मेहमाननवाजी के लिए धन्यवाद दिया। नीदरलैंड के हेग शहर में शनिवार को आयोजित ष्टश्वह्र राउंड टेबल बैठक में मोदी ने कहा कि भारत में निवेश और कारोबार के लिए यह सबसे अच्छा समय है। उन्होंने बताया कि टैक्स, लेबर कानून और सरकारी व्यवस्था में सुधारों के कारण भारत में मैन्युफैक्चरिंग अब सस्ती और आसान हो गई है। पीएम मोदी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स, जो पहले बड़ा आयात क्षेत्र था, अब भारत का बड़ा निर्यात क्षेत्र बन चुका है। भारत और नीदरलैंड ग्रीन हाइड्रोजन, तकनीक और इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में साथ मिलकर काम बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुआ स्नञ्ज (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) समझौता दोनों पक्षों के लिए नए अवसर खोलेगा। साथ ही दोनों देश अपनी साझेदारी को और मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने डच कंपनियों से भारत में ज्यादा निवेश करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 300 से ज्यादा डच कंपनियां पहले से भारत में काम कर रही हैं और भारत तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत में कारोबार करने वालों को अच्छे मौके और बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**3 दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे....**

आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां वे डायल-112 सेवा के लिए शामिल किए गए नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। दोपहर 12.20 बजे केंद्रीय गृहमंत्री शाह रायपुर से जगदलपुर के लिए रवाना होंगे। जगदलपुर पहुंचने के बाद वे नेतानार में जनसुविधा केंद्र का शुभारंभ करेंगे। शाम को वे जगदलपुर में पुलिस विभाग द्वारा आयोजित लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। गृहमंत्री शाह 18 मई की रात जगदलपुर में ही रात्रि विश्राम करेंगे। 19 मई को सुबह 11 बजे से जगदलपुर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह हिस्सा लेंगे। बैठक के बाद उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस भी प्रस्तावित है। दौरे के अंतिम दिन दोपहर करीब 3.40 बजे गृहमंत्री शाह जगदलपुर से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। गृहमंत्री के दौरे को लेकर रायपुर और जगदलपुर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

**सरकारी जमीन की अवैध खरीद...**

राज्य में प्रशासनिक बदलाव के बाद से ही पिछली सरकार के दौरान हुए ऐसे कई काले कारनामों को उजागर करने का काम लगातार जारी है। इन दस्तावेजों की बरामदगी के बाद इलाके के मुख्य विपक्षी दल और उससे जुड़े लोगों की मुश्किलें काफी बढ़ सकती हैं। इस छापेमारी में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि पुलिस को टीएमसी दफ्तर से 100 से अधिक आधार कार्ड भी मिले हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, ये आधार कार्ड इलाके के ही नागरिकों के हैं।

**केरलम में कल सीएम पद की.....**

खड़गे और सांसद राहुल गांधी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे. सूत्रों ने बताया कि वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी इसमें शामिल होंगी. पार्टी सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री भी समारोह में शामिल होंगे. सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) अध्यक्ष सी जोसेफ विजय को भी आमंत्रित किया है. हालांकि, अब तक उनके शामिल होने की पुष्टि नहीं हुई है.

**रूस पर यूक्रेन का बड़ा ड्रोन....**

कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। उधर यूक्रेन ने दावा किया कि रूस ने भी रातभर में 287 ड्रोन से हमला किया, जिनमें से अधिकांश को मार गिराया गया। यूक्रेन की आपातकालीन सेवाओं के अनुसार, ड्नीप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र में कई रिहायशी इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं और कम से कम 8 लोग घायल हुए हैं।

**सीएम बनते ही हिमंता बिस्वा....**

कहना है कि सार्वजनिक जमीन को मुक्त कराना जरूरी है, जबकि विपक्ष इन अभियानों को लेकर सवाल उठा रहा है। यह मामला काफी पुराना है, जिसमें इस बात को लेकर दावा किया गया है कि राज्य जमीन के बहुत बड़े हिस्से पर अवैध कब्जा है। बीजेपी लगातार इस मुद्दे को उठाती रही है। इसी बीच राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कराने की चर्चा भी तेज हो गई है। मुख्यमंत्री सरमा ने हाल ही में इसका समर्थन किया था। हालांकि, विपक्षी पार्टी AIUDF ने इसका खुलकर विरोध किया है। AIUDF के महासचिव रफीकुल इस्लाम ने कहा कि असम में पहले ही NRC जैसी बड़ी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जिसमें पांच साल तक गहन जांच की गई थी। ऐसे में फिर से नया सर्वे कराने का कोई मतलब नहीं बनता। उनका कहना है कि इससे सिर्फ लोगों को परेशानी होगी और समय बर्बाद होगा। रफीकुल इस्लाम ने कहा कि NRC की अंतिम सूची आने के बाद कई दावे गलत साबित हो गए।

**ईरान वार्ता में अमेरिका की.....**

प्रवक्ता ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दोबारा सैन्य हमला हुआ तो उसका और ज्यादा कठोर जवाब दिया जाएगा। वहीं ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह कूटनीति का इस्तेमाल सैन्य उद्देश्यों को छिपाने के लिए कर रहा है। इस्माइल बकाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अमेरिका और इजरायल शांति और ऊर्जा बाजार की स्थिरता के नाम पर संकट पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वे पहले युद्ध और संकट पैदा करते हैं, फिर खुद को शांति बहाल करने वाला बताते हैं। हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के 14 सूत्रीय शांति प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। इसके बाद ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर कालीबाफ ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका ने ईरान का प्रस्ताव नहीं माना तो अमेरिकी करदाताओं को भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के संयुक्त सैन्य हमलों के बाद क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया था।

**अबू धाबी के बराकाह न्यूक्लियर....**

एनर्जी से जब इस संबंध में एपी ने टिप्पणी का अनुरोध किया तो तत्काल कोई जवाब नहीं दिया गया। करीब 20 अरब डॉलर की लागत से बना बराकाह न्यूक्लियर पावर प्लांट यूएई ने ने दक्षिण कोरिया की मदद से तैयार किया था, और यह 2020 में चालू हो गया। यह अरब प्रायद्वीप पर पहला और एकमात्र परमाणु ऊर्जा संयंत्र है।

**भूपेश बोले-जनता से अपील कर....**

सरकार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को ऑनलाइन ट्रेनिंग देने वाले IGOT कर्मयोगी पोर्टल के इस्तेमाल पर भी जोर दिया है। इस पोर्टल के जरिए सरकारी कर्मचारियों को नई तकनीक, प्रशासनिक दक्षता और ऑनलाइन कोर्स की ट्रेनिंग दी जाती है। सरकार का कहना है कि सीमित संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल और वित्तीय व्यवस्था मजबूत करने के लिए ये कदम उठाए गए हैं।

**रजनीकांत बोले-विजय मुझसे 25....**

उन्होंने तमिल फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी छह मांगें विजय के सामने रखीं। हासन ने राज्य सरकार से तमिल फिल्मों और डॉक्यूमेंट्री के लिए सरकारी OTT प्लेटफॉर्म शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे दर्शकों को कम कीमत पर कंटेंट देखने का मौका मिलेगा। तमिलनाडु की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी AIADMK की अंदरूनी फूट खुलकर सामने आ गई है। एक गुट पार्टी के महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी का है, जबकि दूसरा बागी गुट षणमुगम और वेलुमणि में बंट गया है। तमिलनाडु विधानसभा में विजय सरकार के फ्लोर टेस्ट में TVK की सीटों की संख्या बढ़कर 144 हो गई। बागी खेमे से जुड़े AIADMK के 25 विधायकों ने सीएम विजय के पक्ष में क्रॉस-वोट किया। इसके बाद पलानीस्वामी ने षणमुगम और वेलुमणि को पार्टी में उनके पदों से हटा दिया। पलानीस्वामी ने दलबदल विरोधी कानून के तहत विधायकों को अयोग्य घोषित करने के लिए आवेदन किया है। AIADMK के कार्यकर्ता आज सुबह से ही पलानीस्वामी के घर समर्थन देने के लिए जुटने लगे हैं।

# मस्ती की पाठशाला में सभी वर्ग के लोगों में उत्साह




## पारंपरिक खेल सहित जुम्बा डॉस एवं गीत संगीत का लोगों ने लिया मजा

राजनांदगांव (दावा)। हर रविवार को आयोजित होने वाली मस्ती की पाठशाला के प्रति लोगो का रूझान बढ़ रहा है। सुबह से बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग उत्साह के साथ पाठशाला में पहुचकर पारंपरिक खेल रस्सी, पिट्ठुल, रींग टास्क, साप सीडी, बेडमिंटन, तीरंदाजी, कराटे खेल का आनंद ले रहे है तथा नन्हे मुन्ने बच्चे छोटे छोटे खेलो में हिस्सा लेकर झुला, फिसल पट्टी का मंजा उठा रहे है। वही बडे बुजुर्ग स्वस्थ रहने के लिए योग का सहारा लिए। साथ ही बड़ी संख्या मे बच्चे चित्रकला में भाग लेकर अपनी भावनाओ को ड्राईग सीट मे उकेरे। इसके अलावा मस्ती की पाठशाला का सबसे आकर्षण कार्यक्रम जुम्बा डॉस, जिसमे रीदम रिवाल्युसन ग्रुप के साथ बच्चे एवं युवा बडी संख्या में छत्तीसगढ़ी तथा हिन्दी गाने में थिरकते नजर आए। संगीत की कडी मे बाईक की इंडिया टीवीएस कम्पनी द्वारा आयोजित संगीत कार्यक्रम में बच्चे एवं बडो ने गाना गाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। कम्पनी के द्वारा विभिन्न प्रश्न पुछ कर सही जवाब देने वालो को पुरूस्कार दिए तथा विभिन्न खेलो में विजयी प्रतिभागियों को भी पुरूस्कृत किया गया। महापौर मधुसूदन यादव एवं आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बेडमिंटन खेल कर आनंद लिया तथा निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह वर्मा एवं पार्षदों के साथ सभी से मिलकर उनका उत्साहवर्धन कर चित्रकला के बच्चों को पुरूस्कार दिए।

महापौर श्री यादव ने कहा कि जिस सोच के साथ मस्ती की पाठशाला शुरू किया गया, उसका अच्छा रिस्पास मिल रहा है। सुबह से ही बच्चे एवं युवा बडी संख्या में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर भारतीय परंपरा से जुड़े खेल के अलावा योगा एवं जुम्बा डांस का आनंद ले रहे है। उन्होंने कहा कि रविवार के दिन छुट्टी होने के कारण सभी में आराम करने की भावना रहती है, लेकिन मस्ती की पाठशाला के लिए सुबह 5 बजे से ही उठकर छोटे छोटे बच्चे परिवार सहित पहुॅचकर आनंद उठा रहे है। उन्होंने कहा कि जनभावना के अनुरूप इसे और अच्छा करने का प्रयास किया जायेगा। आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि मस्ती की पाठशाला में सभी वर्ग के लोग पहुॅच रहे है, शहर के समाजिक एवं खेल जगत के लोगो के सहयोग से हर रविवार सफल आयोजन किया जा रहा है। पाठशाला के सफल संचालन के लिए निगम प्रशासन, पुलिस तथा यातायात विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व्यवस्था में लगे हुए है, आगामी सप्ताहो में अच्छे आयोजन के लिए और बेहतर व्यवस्था की जावेगी। पाठशाला में आये लोगो ने पाठशाला के अच्छे आयोजन के लिए महापौर एवं निगम परिवार को धन्यवाद दिया। आज के पाठशाला की सफलता में बाडी टेक जीम, रीदम रिवाल्युसन ग्रुप, योगा ग्रुप, ब्लड डोनेड संघ, यामिनी कला केन्द्र, इडियन टीवीएस कम्पनी, राजनांदगांव रनर ग्रुप, के अलावा खेल जगत से हॉकी, कराटे, तीरंदाजी आदि संघो का सहयोग रहा। मस्ती की पाठशाला में पार्षदो सहित बच्चे, युवा एवं बुजुर्गो ने परिवार सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# ममता नगर में जीवन आधार पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क पेयजल व्यवस्था की शुरुआत



राजनांदगांव (दावा)। गर्मी के इस भीषण मौसम में राहगीरों और कामकाजी लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जीवन आधार पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट राजनांदगांव द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। ट्रस्ट की ओर से शहर के ममता नगर क्षेत्र में नि:शुल्क शुद्ध पेयजल (ठंडे पानी) की व्यवस्था शुरू की गई है, जिसका लाभ क्षेत्र से गुजरने वाले सैकड़ों जरूरतमंदों को मिलेगा। चैरिटी ट्रस्ट के मुख्य मार्गदर्शक ओम प्रकाश सहारे ने इस सेवा कार्य के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। इस कड़कती धूप और गर्मी के दिनों में बाहर निकलने वाले कामकाजी लोगों एवं राहगीरों को अत्यधिक पसीना आने लगता है, जिसके कारण शरीर में पानी की कमी और प्यास अधिक लगती है। इसी स्थिति को मद्देनजर रखते हुए जीवन आधार पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष ग्रीष्मकाल में आम जनता के लिए नि:शुल्क और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाती है।

श्री सहारे ने आगे कहा कि ट्रस्ट मानव सेवा ही माधव सेवा की पवित्र भावना से अभिभूत होकर लगातार आगे बढ़ रहा है। पेयजल व्यवस्था के साथ-साथ हमारी चैरिटी द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रकार के जनकल्याणकारी और सामाजिक कार्य संचालित किए जाते हैं। जिससे देश और समाज के लोगों में जागरूकता पैदा हो सके और वे भी सेवा कार्यों के लिए प्रेरित हों। इस व्यवस्था की शुरुआत से स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने ट्रस्ट के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# एसजेएम इवेंट ऑर्गेनाइजर द्वारा नगर के नावेद बेस्ट मीडिया चैनल संचालन के लिए हुए सम्मानित



## बिग बॉस 19 और मास्टर शेफ विनर गौरव खन्ना के हाथों नावेद आज़मी सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। नागपुर 12 मई को नागपुर के होटल रेजेन्टा में एसजेएम इवेंट ऑर्गेनाइजर द्वारा एक भव्य अवॉर्ड फंक्शन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मॉडल्स, डिजाइनर्स, मेकअप आर्टिस्ट, फोटोग्राफर्स, मीडिया रिपोर्टर्स और स्पॉन्सर्स ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अभिनेता गौरव खन्ना के हाथों ट्रॉफी, मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसी अवॉर्ड फंक्शन में नावेद आज़मी को बेस्ट मीडिया चैनल संचालन के लिए सम्मानित किया गया। सिवनी से ताल्लुक रखने वाले नवेद आज़मी आज नागपुर में अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर पहचान बना रहे हैं। नवेद आज़मी ऑस्टियोजेनेसिस इम्परफेक्टा (ओआई) नामक बीमारी से पीड़ित हैं। यह एक दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी होती है, जिसमें शरीर की हड्डियां बेहद कमजोर हो जाती हैं और मामूली चोट लगने पर भी फ्रैक्चर होने का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद नवेद आज़मी लगातार मीडिया क्षेत्र में सक्रिय रहकर समाज के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। गौरव खन्ना भारतीय टेलीविजन इंडस्ट्री का एक जाना-माना नाम हैं। उन्होंने कई लोकप्रिय टीवी सीरियलों में अभिनय कर दर्शकों के बीच खास पहचान बनाई है। हाल ही में उन्होंने रियलिटी शो सेलिब्रिटी मास्टर शेफ का खिताब जीतकर भी काफी सुर्खियां बटोरी थीं। गौरतलब है कि नवेद के पिता एम आर आज़मी करीबन 7 या 8 साल जनपद में कार्यरत थे। 2018 में रिटायर होने के बाद नागपूर शिफ्ट हो गए। नावेद राजनांदगांव में मास्टरी पूरी किया था और यही से अपने करियर की शुरुआत किया था। राजनांदगांव में कोचिंग सेंटर, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और पत्रकारिता की शुरुआत किया था। राजनांदगांव छोड़ने के बाद भी आज भी नावेद के दिल में राजनांदगांव हैं।

# आज तुमड़ीबोड़ में ग्राम पटेल संघ की आवश्यक बैठक

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ ग्राम पटेल संघ जिला राजनांदगांव द्वारा जिला प्रबंधकारिणी, कार्यकारिणी एवं जिले के समस्त तहसील अध्यक्ष व सचिवगण की आवश्यक बैठक आयोजित की गई है बैठक 18 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे सरस्वती शिशु मंदिर तुमडीबोड में आयोजित होगी। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा किए जाने की संभावना है। जिला ग्राम पटेल संघ के अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा सभी संबंधित सदस्यों से समय पर उपस्थित होने की अपील की गई है

# कोरबा में लायंस इंटरनेशनल की भव्य केबिनेट मीटिंग एवं 9वीं वार्षिक डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस संपन्न




## लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी बना पूरे डिस्ट्रिक्ट का सर्वश्रेष्ठ क्लब, अमित खण्डेलवाल हुए सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। कोरबा में 9 एवं 10 मई को लायंस इंटरनेशनल की केबिनेट मीटिंग एवं 9 वीं वार्षिक डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

इस दो दिवसीय आयोजन में पूरे डिस्ट्रिक्ट से आए लायन सदस्यों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में सेवा, संगठन विस्तार और उत्कृष्ट कार्यों को लेकर विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई तथा क्लबों को सम्मानित किया गया। इस भव्य आयोजन में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी ने शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे डिस्ट्रिक्ट का सर्वश्रेष्ठ क्लब अवार्ड अपने नाम किया। साथ ही क्लब को पूरे डिस्ट्रिक्ट में सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव भी मिला। क्लब को सबसे अधिक सदस्यों वाला क्लब घोषित किया गया जिससे राजनांदगांव सिटी क्लब की सक्रियता और संगठन क्षमता की सराहना पूरे मंच पर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीआईडी जितेंद्र सिंह चौहान उपस्थित रहे। वहीं पद्मश्री लायन डॉ. पुखराज बाफना विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजन के दौरान बैनर प्रेजेंटेशन का शानदार प्रदर्शन किया गया जिसकी सभी ने प्रशंसा की। मिशन 1.5 के अंतर्गत मेंबर्स ग्रोथ में उत्कृष्ट योगदान के लिए क्लब को सिल्वर क्राइन एवं गोल्डन पेन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

सम्मेलन के दौरान लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष MJF लायन अमित खण्डेलवाल एवं रीजन चेयर पर्सन लायन राजकुमार शर्मा को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और संगठन के प्रति समर्पण के लिए PMJF की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान पूरे राजनांदगांव के लिए गौरव का विषय रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीआईडी जितेंद्र चौहान के जीवन परिचय का वाचन कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। वहीं पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। राजनांदगांव से बड़ी संख्या में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के सदस्य कोरबा पहुंचे और पूरे आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई।

# राज्य स्तरीय सीडबॉल कार्यशाला में थंगेश्वर एवं रेशमी ने दी सहभागिता, हुए सम्मानित

**प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा के तहत कुरूद में हुआ आयोजन, धरती को हरा-भरा बनाने शिक्षकों और प्रतिभागियों ने लिया संकल्प**

**राजनांदगांव/कुरूद (दावा)। प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ के अंतर्गत राज्य स्तरीय सीडबॉल (बीज गेंद) निर्माण सह प्रशिक्षण कार्यशाला का भव्य आयोजन प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन भवन, चरमूडिया (कुरूद) में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में राजनांदगांव जिले के व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू और बालोद जिले की व्याख्याता श्रीमती रेशमी साहू ने सक्रिय सहभागिता प्रदान की। पर्यावरण और विज्ञान संचार के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए अतिथियों द्वारा दोनों को प्रशस्ति पत्र, सीडबॉल और बर्ड घोंसला भेंटकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।**




कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और राज्य गीत अरपा पैरी के धार के गायन के साथ हुआ। कार्यशाला को संबोधित करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार (राजनांदगांव) के व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने कहा कि सीडबॉल निर्माण के माध्यम से हम न केवल पर्यावरण बचा रहे हैं, बल्कि जैव विविधता को भी संरक्षित करने का प्रभावी कार्य कर रहे हैं। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा (बालोद) की व्याख्याता रेशमी साहू ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रकृति संरक्षण के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए वृक्षारोपण और बीज संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

### खाली स्थानों और नदी-तालाबों के किनारे रोपेंगे सीडबॉल

कार्यशाला के अंतिम चरण में उपस्थित सभी शिक्षकों, पर्यावरण प्रेमियों और प्रतिभागियों ने स्वयं सीडबॉल का निर्माण किया। सभी ने इन तैयार सीडबॉल को अपने घरों, विद्यालयों, खाली पड़े मैदानों, नदी-तालाबों के किनारों और आसपास के क्षेत्रों में रोपने व वितरित करने का संकल्प लिया, ताकि आगामी वर्षा ऋतु में धरती को हरा-भरा बनाया जा सके। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार साहू बर्डमैन (दो कदम प्रकृति की ओर, रायपुर) थे, जबकि अध्यक्षता प्रकृति शिक्षक विज्ञान यात्रा के अभिषेक शुक्ला ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में समीक्षा गायकवाड (राज्य सीडबॉल प्रशिक्षण कार्यशाला), डीबी रावटे (डीएमसी, नारायणपुर), मोतीलाल देवांगन (समन्वयक, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन), संध्या कुशल (राज्य प्रशिक्षण प्रभारी, नेस्ट छत्तीसगढ़), डॉ. स्वाति गंधर्व (पर्यावरणविद्) और डॉ. आशीष नायक (विज्ञान संचारक) सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

# वादा करके भूल गई सरकार : धीरेंद्र साहू




नक्सल पीड़ितों का फूटा गुस्सा, 21 मई को आई जी दफ्तर घेरने की चेतावनी

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल पुनर्वास नीति-2025 कागजों तक ही सीमित रह गई है। मानपुर और राजनांदगांव के नक्सल हिंसा से उजड़े परिवारों ने आरोप लगाया है कि सरकार ने वादा तो बड़े-बड़े किए, लेकिन जमीन पर एक भी पीड़ित को राहत नहीं मिली। आक्रोशित परिवारों ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए 21 मई 2026 को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, राजनांदगांव के सामने परिवार सहित अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी है। पीड़ितों ने आईजी को दिए आवेदन में कहा कि नक्सलियों ने उनके पिता, भाई और पतियों को पुलिस का मुखबिर बताकर सरेआम मौत के घाट उतार दिया। जान बचाकर भागे परिवार आज भी बेघर-बेसहारा हैं।पीड़ित परिवारों का कहना है कि पुनर्वास नीति में शासकीय नौकरी, 3 लाख की केंद्रीय सहायता, आवासीय जमीन और बच्चों की छात्रवृत्ति का वादा किया गया था। लेकिन कलेक्टर और स्कके चक्कर काटते-काटते साल बीत गए, फाइलें धूल फांक रही हैं और पीड़ितों के हाथ खाली हैं। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा गया है कि, जिन परिवारों को अब तक नौकरी नहीं मिली, उन्हें तुरंत नियुक्ति पत्र दिया जाए। केंद्र से भेजी गई तीन लाख की सहायता राशि कहां अटकी है, इसका जवाब सरकार दे। बेघर परिवारों को शहरी या ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय जमीन या उसका मुआवजा तुरंत दिया जाए। बच्चों का भविष्य संवारने सभी पीड़ित बच्चों को छात्रवृत्ति तुरंत शुरू की जाए। नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्यों को न्याय दिलाने संघर्ष कर रहे धीरेन्द्र कुमार साहू सहित दर्जनों पीड़ितों ने साफ कहा है कि 14 मई 2025 को दिया गया आवेदन अगर 21 मई 2026 तक अनसुना रहा, तो परिवार सहित ढ्ढत्र दफ्तर के सामने डेरा डालेंगे। धरने के दौरान हुई किसी भी स्थिति की जिम्मेदारी सीधे शासन-प्रशासन की होगी।

# कल आकाशवाणी से कवि/कथाकार मानसिंह मौलिक की कहानी का प्रसारण

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के सचिव एवं वरिष्ठ कवि/कथाकार मानसिंह मौलिक की कहानी ''मितान के शर्त'' का आकाशवाणी रायपुर से 19 मई की सुबह 8:30 बजे प्रसारण होने जा रहा है। आकाशवाणी रायपुर की साहित्यिक पत्रिका मोर भुइंया के अंतर्गत प्रसारित होने जा रहे कथाकार मौलिक की उक्त छत्तीसगढ़ी कहानी का गत दिनों साहित्य समिति के संरक्षक व छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक, वरिष्ठ कवि साहित्यकार आत्माराम कोशा 'अमात्य', कवि/लोक कलाकार पप्पू ''पौर्वात्य'' कलिहारी, कवि थंगेश्वर कुमार साहू आदि के साथ आकाशवाणी जाकर रिकार्डिंग करवाया गया था। संपादन - केंद्र निदेशक महेंद्र कुमार साहू जी का है।



छत्तीसगढ़ के सभी केंद्रों व मोबाइल एप पर होगा प्रसारण

कवि थंगेश्वर कुमार साहू ने बताया कि उक्त छत्तीसगढ़ी कहानी का प्रसारण एम डब्ल्यू -981- द्मद्ध5 से छत्तीसगढ़ के सभी प्रसारण केंद्रों व मोबाइल एप पर होगा। कथाकार मानसिंह 'मौलिक' की। इस साहित्यिक उपलब्धि के लिए साहित्य समिति के संरक्षक आत्माराम कोशा अमात्य, अध्यक्ष-अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र ''अकाट्य'' राकेश इन्दू भूषण ठाकुर, कवयित्री सुषमा शुक्ला ''अंशुमन'', रेशमी रश्मि साहू,पवन यादव ''पहुंना'' पप्पू ''पौर्वात्य'' कलिहारी, आनंद राम सार्वा ''अनंत'' वीरेंद्र कुमार रंगारी, रौशन साहू ''मोखला'' आदि कवि/साहित्यकारों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उक्ताशय की जानकारी साहित्य समिति के उपाध्यक्ष थंगेश्वर कुमार साहू ''मीत'' द्वारा दी गई है।

# आयुक्त ने ली बैठक राजस्व वसूली शत-प्रतिशत किये जाने के दिए निर्देश



राजस्व उप निरीक्षकों को प्रतिमाह लक्ष्य निर्धारित कर वसूली के दिए निर्देश
कालोनियो में सोलर पेनल तथा रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगाने करे प्रेरित


राजनांदगांव (दावा)। आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आज राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर इस वित्तीय वर्ष में नये डिमाण्ड के अनुसार शत प्रतिशत वसूली किये जाने के निर्देश सहायक राजस्व निरीक्षक एवं सभी राजस्व उप निरीक्षकों को दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली के दौरान कालोनियो में सोलर पेनल लगाने तथा रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगाने भी प्रेरित करे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि गत वित्तीय वर्ष में प्रयास के बावजूद अपेक्षाकृत वसूली प्राप्त नही हुई थी, कुछ लोगो ने वसूली में अच्छा मेहनत किया और कुछ लोगो ने कम मेहनत किया। इसी के परिणाम स्वरूप लक्ष्य के विरूद्ध वसूली कम प्राप्त हुई। कम वसूली से वेतन देने मे भी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष 2026-27 में मई माह से ही डिमाण्ड के विरूद्ध वसूली करे तथा वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से ही मेहनत करे, घर घर जाकर वसूली करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा खुली व आवासीय भूमि में 10 प्रतिशत तथा व्यवसायिक व औद्योगिक में 20 प्रतिशत सम्पत्तिकर निर्धारित किया गया है। उसके आधार पर वार्डवार गणना की गयी है। जिसके अनुरूप इस वर्ष के डिमाण्ड दुरूस्त कर डिमाण्ड के अनुरूप वसूली करे। अगले सप्ताह तक हर वार्ड की नई डिमाण्ड दुरूस्त होनी चाहिए तथा गत वर्ष गणना में कोई त्रुटि हुई होगी उसको दुरूस्त कर इस वर्ष नये के आधार पर गणना करना है। इसमें कोई भी भूमि, भवन, मकान, दुकान न छुटे वसूली के लिए महावार लक्ष्य निर्धारित कर वसूली करना सुनिश्चित करे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि राजस्व वसूली के दौरान अपने प्रभारित वार्ड के मकान, दुकान के अलावा मोबाईल टावर, विद्युत पोल आदि की भी जानकारी रखे। इसके अलावा शासकीय भवन, (निगम स्वामित्व या सामुदायिक भवन) की भी जानकारी रखे। प्रतिमाह निर्धारित दर 200 रूपये के आधार पर जलकर वसूली करना सुनिश्चित करे। प्रत्येक घरो में नल कनेक्शन की भौतिक सत्यापन करे, जिनके द्वारा लम्बे समय से जलकर जमा नही किया गया है, उनसे शुरू से वसूली करना सुनिश्चित करे। जल विभाग से नये नल कनेक्शन की सही जानकारी लेवे और उसे डिमाण्ड में चढ़ावे।

आयुक्त ने कहा कि जनगणना कार्य में जो भवन नंम्बरिंग किया गया है उससे डिमाण्ड मिलान करे एवं उसके आधार पर वसूली करे। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली के दौरान कालोनियो के भवनो में सूर्यघर मुफ्त बिजली लगने की जानकारी ले एवं उन्हें सोलर पेनल लगाने प्रेरित करे। इसी प्रकार प्रत्येक भवनवार रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम निर्माण की भी जानकारी संग्रहित करे तथा उन्हें भू-गर्भ में जल स्तर बढ़ाने वाटर हारवेस्टिंग लगाने समझाईस देवें।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की कोताही न बरते। जनगणना में लगे कर्मचारी जनगणना के साथ साथ वसूली करना सुनिश्चित करेंगे, क्योकि जनगणना कार्य प्रभारित वार्ड में ही करना है। उन्होंने कहा कि सभी वार्ड प्रभारी वसूली के पश्चात कार्यालयीन समय के द्वितीय पाली में कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेगे और करदाताओ से राजस्व कर लेकर अन्य कार्य संपादित करेंगे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com